(ख) यदि हां, तो कब तथा किस सरकारी क्षेत्र के उपक्रम में ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अलगेशन) (क) और (ख). उत्तर प्रदेश में पैदा होने वाली जड़ी बूटियों को काम में लाने के बारे में सरकार के विचाराधीन कोई विशिष्ट सुझाव नहीं है। उन्हें तथा अन्य राज्यों में पैदा होने वाले पौधों के उत्पादों के इस्तेमाल का प्रश्न पादप रासायनिक संयंत्र परियोजना पर होने वाले अन्तिम विनिश्चय पर निर्भर है।

Shri Vishwanath Pandey : Has the U.P. Government sent a representation that useful herbs are found in the Himalayas and they should be used and therefore a factory should be opened?

श्री अलगेशन : फार्मैस्युटिकल्स एण्ड ड्रग्स कम्पनी के अध्यक्ष विभिन्न राज्यों में गये थे और वहां की सरकारों से उनके क्षेत्रों में औषधीय पौधों तथा जड़ी बूटियों की खेती के विकास के बारे में बातचीत की थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने उनके सामने क्या निश्चित प्रस्ताव रखे थे इस बारे में मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। परन्तु उन्होंने उन से बातचीत की थी और समय आने पर उस पर विचार किया जायेगा।

श्री विश्वनाथ राय : क्या मैं जान सकता हूं कि इस क्षेत्र में पाई गई जिन औषधीय जड़ी-बूटियों का प्रश्न में उल्लेख है क्या किसी अन्य देश में औषधि बनाने के लिये उनका निर्यात किया जा रहा है ?

श्री अलगेशन : मुझे इसका पता नहीं है। मुझे सूचना चाहिये।

श्री दे० जी० नायक : स्पीती तथा लाहौल में कुठ नामक एक औषधीय बूटी है। क्या मैं जान सकता हूं कि क्या इसका निर्यात किया जा रहा है या नहीं ?

श्री अलगेशन : इसके बारे में मैं कुछ हीं कह सकता ।

Dr. Govind Das : As far the Himalayas, this range is not in one State only but in a number of States. Will the Centre consider this matter when such is the position and not leave it to the States?

श्री अलगेशन : मैं ने यही कहा है। इस कम्पनी के अध्यक्ष ने इस खेती का विकास करने के बारे में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों तथा प्राधिकारों से बातचीत की थी ।

श्री महेश्वर नायक : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या सरकार ने उन औषधीय जड़ी बूटियों को ढूंढने के लिये कोई विशेष प्रयत्न किये हैं जो आयुर्वेद के दृष्टिकोण से लाभदायक पाई गई हैं तथा क्या उनका किसी तरह उपयोग किया जायेगा ?

श्री अलगेशन : जी हां; विचार यही है कि इस बूटी की औषधियां आदि बनाने के लिये उपयोग किया जाये। परन्तु जब पादप-रसायन संयंत्र के बारे में निर्णय हो जायेगा, तब हम जान पायेंगे कि वहां कौन से उत्पाद बनाये जायेंगे तथा किन जड़ी-बूटियों और औषधीय पौधों की आवश्यकता होगी। तब राज्य सरकारों के परामर्श से इन फार्मों को स्थापित करने का समय आयेगा ।

श्री श्याम लाल सर्राफ : इस बात को देखते हुए कि वनों से भेषजों का संभरण नियमित नहीं रहा है क्या मैं जान सकता हूं कि क्या सरकार केन्द्र की प्रत्यक्ष देखरेख में राज्यों में फार्मों की स्थापना को प्रोत्साहन देगी ?

पेट्रोलियम तथा रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर): माननीय सदस्य शायद जानते हैं कि सेंट्रल मेडिसिनल प्लांट्स आर्गेनाइजेशन (केन्द्रीय भारतीय औषधीय पौधा संगठन) नाम का एक संगठन, जिसे संक्षेप में 'सिम्पो' कहा जाता है स्थापित किया गया था। विभिन्न क्षेत्रों में औषधीय जड़ी बूटियों के उत्पादन का फार्म स्थापित करने के प्रश्न की जांच करना सेम्पो का एक मुख्य उद्देश्य है ।

Shri Jagdev Singh Siddhanti : Is there any intention to seek the co-operation in the manufacture of medicines of the exponents of Ayurveda and those who have knowledge of herbs by tradition?

श्री हुमायून कबिर : यह तो बिल्कुल ही अलग प्रश्न है। प्रश्न यह था कि क्या हिमालय की इन जड़ी बूटियों के बारे में कुछ किया जा रहा है। आयुर्वेद के चिकित्सकों के बारे में यह प्रश्न तो बड़ा व्यापक है।

Shri Yashpal Singh : Will this work of medicinal herbs be entrusted to the factory being established at Rishikesh or will it remain separate?

श्री हुमायून कबिर : अप्रत्यक्ष ढंग से हम पहले ही उत्तर दे चुके हैं कि सैम्पो ही एक ऐसा संगठन है जिसका इन जड़ी बूटियों को एकत्रित करने और उनके परिष्करण से मुख्य सम्बन्ध होगा और उसके बाद जहां कहीं आवश्यकता होगी उनका प्रयोग किया जायेगा। यह किसी अनुसन्धान प्रयोगशाला में हो सकता है या किसी वास्तविक औषधीय फर्म में।

Shri Kapur Singh : Has any Himalayan herb come to the notice of the Government by the use of which man can disappear?

Mr. Speaker : I would welcome that because then there will be so many supplementaries.

श्री कपूर सिंह : पुरानी पुस्तकों में इसका उल्लेख है ।

श्री हुमायून कबिर : प्रश्नकर्ता अपनी ही बात से टल गये हैं ।

श्री राधे लाल व्यास : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या हिमालय में पैदा होने वाली जड़ी-बूटियों का कोई निर्धारण किया गया है और यदि नहीं तो क्यों नहीं किया गया है ?

श्री हुमायून कबिर : यह बहुत ही व्यापक और सामान्य प्रश्न है । कई जड़ी बूटियां परिष्कृत की गई हैं और उन में से कुछेक का उत्पादन भी किया जा रहा है । उदाहरणार्थ, रौवुल्फिया सरपेन-टीना (rauwolfia serpentina) सारे संसार में प्रसिद्ध हो गई है । इस समय एक ऐसी जड़ी बूटी के बारे में अध्ययन हो रहा है जिसके बारे में कहा जाता है कि कैंसर में अच्छा लाभ होता है । परन्तु इस तरह के सामान्य प्रश्न का प्रश्नकाल में उत्तर नहीं दिया जा सकता ।

श्री हेमराज : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या हिमाचल प्रदेश तथा पंजाब की पहाड़ियों में पाई जाने वाली जड़ी बूटियों का कोई सर्वेक्षण किया गया है ?

श्री हुमायून कबिर : जैसा कि मैंने पहले कहा है, सैम्पो को ठीक इसी प्रयोजन के लिये स्थापित किया गया है । यह प्रश्न शिक्षा मंत्रालय से किया जाना चाहिये ।

कलकत्ता में जासूसों का गिरोह

+

*५३५. **श्री हरि विष्णु कामत** :
श्री यशपाल सिंह :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री विभूति मिश्र :
श्री महेश्वर नायक :
श्री प्रकाश वीर शास्त्री :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कलकत्ता और पश्चिमी बंगाल के अन्य भागों में पाकिस्तानी अथवा संयुक्त चीन-पाकिस्तानी जासूसों के गिरोह के होने तथा जासूसी करने के बारे में कोई समाचार मिले हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनकी कार्यवाहियों को रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं अथवा उठाए जा रहे हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : (क) केन्द्रीय सरकार को हाल ही में ऐसे कोई समाचार नहीं मिले हैं ।

(ख) सरकार ने जासूसों की कार्यवाहियों के विषय में जो उपाय किये हैं उन्हें प्रकट करना लोकहित में नहीं होगा ।

श्री हरि विष्णु कामत : क्या सरकार का ध्यान पश्चिम बंगाल विधान परिषद की २४ फरवरी की, १५ दिन पहले कार्यवाही की ओर गया है जिसमें आरोप लगाये गये और स्पष्ट वक्तव्य दिये गये कि पाकिस्तानी राष्ट्रजन पत्तन न्यास, रेलवे, विद्युत संभरण और परिवहन व्यवस्था में काम कर रहे हैं जो खुले आम या गुप्त रूप से पाकिस्तानी या चीन-पाकिस्तानी एजेंटों से मिले हुए हैं और जिन्हें भारत में पाकिस्तान के उच्चायोग द्वारा सहायता दी जाती है तथा उकसाया जाता है, यदि हां, तो क्या इन समाचारों का कोई आधार है और स्थिति का सामना करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

श्री हाथी : मैं नहीं समझता कि इस प्रश्न का उत्तर देना मेरे लिये उचित होगा कि क्या ये लोग हिस्सा लेते रहे हैं, क्या हम उनकी कार्यवाहियों पर दृष्टि रखते हैं, जिन पर हम नजर रखते हैं परन्तु मैं इतना कह सकता हूं कि संदिग्ध व्यक्तियों की कार्यवाहियों पर सरकार कड़ी निगाह रखे हुए है और उपयुक्त उपाय किए जा रहे हैं ।

श्री हरि विष्णु कामत : इस राष्ट्रीय आपात में, जब कि पाकिस्तानियों द्वारा जासूसी और तोड़फोड़ के कम से कम कुछ मामले सरकार के ध्यान में लाये गये हैं; क्या राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सरकार का विचार देश द्रोह, जासूसी और तोड़ फोड़ के लिये प्राणदंड लागू करने का है ?

श्री हाथी : यह प्रश्न प्राणदंड के बारे में होगा । मैं इसका उत्तर नहीं दे सकता . . . . .

अध्यक्ष महोदय : प्राणदंड हर जगह निषिद्ध नहीं है ।

श्री हाथी : परन्तु यहां एक ऐसा प्रश्न है जिसके लिये कानून में संशोधन करना पड़ेगा ।

श्री त्यागी : यह अहिंसावादी सरकार है ।

श्री हरि विष्णु कामत : श्रीमान्, मैं आप से अपील करता हूं कि आप मेरा और सदन का बचाव करें । यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और अत्यावश्यक प्रश्न है जिसका राष्ट्रीय हित से सम्बन्ध है और इस बारे में यदि ज्यादा नहीं तो हमारी तरह आप भी चिन्तत हैं । इस समय जब कि हम दोनों ओर चीन और पाकिस्तान से घिरे हुए हैं यह उचित है कि सरकार इसे गंभीरतापूर्वक ले और देशद्रोह के लिये प्राणदंड को निर्धारित करे ।

अध्यक्ष महोदय : ज्यादा से ज्यादा माननीय सदस्य सरकार के ध्यान में वह सुझाव लाना चाहते थे जो कि उन्होंने दिया है । उन्होंने स्थिति की गंभीरता का उल्लेख किया है । माननीय गृह-कार्य मंत्री ने तथा सारी सभा में, मैंने और देश ने उसे सुन लिया है । हरेक ने इसे सुन लिया है ।

श्री हरि विष्णु कामत : मैं आप से अनुरोध करता हूं कि आप सरकार को इस विषय का महत्व बतायें ।

श्री नन्दा उठे —

Shri Yashpal Singh : Has the Government of India. . . . .

Mr. Speaker : Let the Government of India speak. I would ask you to sit down, the Government of India has stood up.

गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा) : यह कोई ऐसा विषय नहीं है जिस पर सभा में किसी पक्ष के दृष्टिकोण में मतभेद हो सकता हो । मामले की गंभारता को निश्चय ही पूरी तरह से महसूस किया जाता है । यदि यह बड़े पैमाने पर न भी हो जैसी कि आशंका है, इसका थोड़ा सा होना भी बुरा है और

इसलिये इसका सामना करने के लिये प्रत्येक संभव कदम उठाया जाना है। हम उसमें लगे हुए हैं। इस लिये कोई भी सुझाव वास्तव में स्वागत योग्य है।

श्री हरि विष्णु कामत : ठीक है, माननीय मंत्री इस पर विचार कर लें।

Shri Yashpal Singh : Is it a fact that Russia is sympathetic towards us and hundreds of passports are made here for Russia and people who go to Russia reach China very easily and on their return from China they do spying here? If so, is Government considering to prescribe this condition that people who are issued passports for Russia cannot go to China from there?

Mr. Speaker : You have mentioned China. Russia and all other places but no Calcutta. The question is about Calcutta.

Shri A. P. Sharma : This is an important question and reply must be given.

Shri Yashpal Singh : I have said only this..........

Mr. Speaker : You have rather given the suggestion that it should be kept in view.

Shri Yashpal Singh : Is the Government in a position to say whether there is this restriction for people going to Russia that from there they cannot proceed to China so that on their return they cannot do spying in Calcutta?

Mr. Speaker : The hon. Member wants that some reply may be given to that.

श्री हाथी : जब ये लोग बाहर जाते हैं तो स्वाभाविक है कि उनके जाने का उद्देश्य, पिछला इतिहास आदि सब ध्यान में रख जाते हैं और यदि इन में से किसी पर सन्देह हो तो उसे रोका जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय : सदस्य केवल यह चाहते हैं कि उन्हें .....

श्री हाथी : हम उस पर भी विचार करेंगे।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी : माननीय मंत्री ने कहा है कि सरकार को हाल ही में जासूसों के गिरो के काम करने के बारे में कोई समाचार नहीं मिले हैं। क्या माननीय मंत्री स्पष्टतः इस बात से इंकार कर सकते हैं कि हाल ही के दंगों में जासूसों का गिरोह बहुत सक्रिय था और कलकत्ता तथा आसपास इलाकों में जासूसी कर रहा था?

श्री हाथी : यह बात नहीं कि जासूसी थी ही नहीं; जासूसी तो की जा रही है। परन्तु हाल ही में पाकिस्तानी-चीनी जासूसी कार्यवाहियों के बारे में कोई सूचना नहीं है परन्तु कार्यवाहियां हो रही हैं और सरकार को इस बारे में पूरा ज्ञान है और हम उपाय कर रहे हैं।

श्री हरि विष्णु कामत : एक स्पष्टीकरण चाहिये। उन्होंने कहा है ..... (**अन्तर्बाधाएं**)

अध्यक्ष महोदय : कितने सदस्य बोल रहे हैं?

2677(Ai)LSD—3

श्री हरि विष्णु कामत : पहले तो मंत्री महोदय ने कहा था कि 'हाल ही के कोई समाचार' नहीं हैं। अब वह कहते हैं कि "जासूसी कार्यवाहियां चल रही हैं'। इसका अर्थ है कि उनके पास समाचार आये हैं। मैं समझता हूं कि अंग्रेजी भाषा में इसका यही अर्थ होता है।

अध्यक्ष महोदय : शांति, शांति ।

श्री हाथी : प्रश्न यह था कि क्या पाकिस्तान या चीन तथा पाकिस्तान की संयुक्त जासूसी कार्यवाहियों के बारे में कोई समाचार मिला है : मैंने कहा कि हाल ही में हमें ऐसे कोई समाचार नहीं मिले हैं कि पाकिस्तान और चीन की संयुक्त जासूसी कार्यवाहियां बढ़ गई हैं। जैसा कि मैंने बताया, संदिग्ध लोगों की कार्यवाहियों पर निगाह रखने के लिये हम सभी उपाय कर रहे हैं। मैं इस चीज के होने से इन्कार नहीं करता ।

Shri Prakash Vir Shastri : Has the Government of India received any letter from Calcutta which state that there are some such political parties in Calcutta whose representatives do spying in liaison with China? If so, whether Government has taken note of it and arrived at some decision after collecting this information?

Shri Hathi : There is no such information.

श्री प्र० चं० बरुआ : ऐसे समय में जब कि अल्प संख्यकों को पाकिस्तान में मारा जा रहा है, जब कि वे भाग कर भारत में आ रहे हैं और जब कि तनाव ......

अध्यक्ष महोदय : इन वक्ताओं के साथ वह अपने प्रश्न से पहले भूमिका बनाते हैं। यह शिकायत मुझे और भी कई माननीय सदस्यों से है। श्री बरुआ भी इस सूची में शामिल हो रहे हैं। वह सीधा प्रश्न पूछें ।

श्री प्र० चं० बरुआ : मैं आपकी बात मानता हूं ।

जब तनाव बहुत अधिक है, क्या सरकार जानती है कि ५००० पाकिस्तानी राष्ट्रजन, जो बहु-संख्यकों में से हैं, नियमित बीजा ले कर भारत में आ गए हैं और क्या सरकार नहीं समझती कि इससे देश की सुरक्षा के लिये खतरा पैदा होता है ?

श्री हाथी : मैं समझ नहीं सका। वे भारत आए हैं ?

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने कहा है कि क्या सरकार समझती है ? उसके बाद की सा- न्ल राय का मामला है ।

श्री च० का० भट्टाचार्य : क्या सरकार का ध्यान अलीपुर में एक मजिस्ट्रेट की अदालत में हुई कार्यवाही की तरफ गया है जो कल कलकत्ता के समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी जिसमें एक पाकिस्तानी जासूस ने स्वीकार किया है कि उसे कराची से रावलपिंडी, रावलपिंडी से चिटागांग और चिटागांग से पश्चिम बंगाल तथा अब कलकत्ता में भेजा गया है और उसने अपने काम का ब्योरा दिया है ?

श्री हाथी : मैंने आज यह समाचार नहीं देखा है।

श्री हिम्मतसिंहका : क्या माननीय मंत्री जानते हैं कि पाकिस्तानी राष्ट्रजन सारे के सारे कलकत्ता पत्तन को ठप्प कर सकते हैं क्योंकि पत्तन कर्मचारियों में से अधिकतर पाकिस्तानी राष्ट्रजन हैं ?

अध्यक्ष महोदय : यह तो जानकारी दी गई है ।

श्री त्यागी : क्या सरकार को बंगाल, आसाम और काश्मीर में जासूसी करने वाले अवैध रूप से आये हजारों पाकिस्तानियों का पता नहीं है क्या उन्हें इस बारे में कोई समाचार मिले हैं? क्या सरकार उन पर निगाह रखे हुए है ?

श्री नन्दा : जी हां, सरकार को इस खतरे का पूरी तरह से पता है और इस दृष्टिकोण से वह स्थिति का पूरा ध्यान रख रही है ।

श्री हरिश्चन्द्र माथुर : क्या यह सच नहीं है कि पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि कलकत्ता में जासूसों का एक भारी गिरोह है और इसलिये पुलिस दल की संख्या बढ़ाई जाय ? क्या मैं जान सकता हूं कि जब मंत्री महोदय उस स्थान पर गये थे तो उनका अपना क्या विचार है ? दंगों को दबाने के लिये जब उन्होंने हजारों व्यक्तियों को पकड़ लिया तो इस सम्बन्ध में उन्होंने कितने व्यक्ति पकड़े?

श्री नन्दा : पीछे ऐसे मामले हुए हैं। उन्हें अदालतों में ले जाया गया । कुछ मामलों में दोष सिद्ध भी हुए हैं । इसलिये जासूसी तो होती है । इससे इन्कार नहीं किया जा सकता ।

श्री हरिश्चन्द्र माथुर : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या मुख्य मंत्री का वक्तव्य ठीक है ? उन्होंने कहा था कि जासूसों का एक भारी गिरोह है और पुलिस दल को बढ़ाया जाना चाहिये ।

श्री नन्दा : हाल ही में ऐसा कुछ नहीं कहा गया ।

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : इस बारे में कलकत्ता में पाकिस्तान के उप-उच्चायुक्त की अवांछनीय कार्यवाहियों के बारे में समाचार आये हैं । क्या पश्चिमी बंगाल सरकार ने उनकी गतिविधियों पर रोक लगाने के बारे में कोई सुझाव दिये गये हैं ?

श्री नन्दा : हमारे सामने कोई सुझाव नहीं है ।

अल्प सूचना प्रश्न और उत्तर

SHORT NOTICE QUESTION AND ANSWER

Treatment To An MP In Ambala Jail

\+

Short Notice Question No. 7
Shri Bade :
Shri Rameshwarananda :
Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Ram Sewak Yadav :
Shri Kishen Pattnayak :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Shri Kukam Chand Kachhavaiya, M.P., was in Ambala Jail recently ;

(b) whether members of Parliament are given class 'A' in Jail;

(c) if so, the reasons for not giving this facility to Shri Hukam Chand Kachhavaiya;

(d) whether it is also a fact that he was beaten and forcibly fed on eggs; and

(e) if so, the steps taken by Government in this regard?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) तथा (ग) : पंजाब जेल नियमावली के अनुसार जांचाधीन बन्दी केवल दो श्रेणियों के होंगे, अर्थात् (१) वे, जो सामाजिक स्तर, शिक्षा या जीवन यापन के ढंग से उच्चतर प्रकार के जीवन के अभ्यस्त हों तथा, (२) अन्य, अर्थात, एक श्रेणी "ए" व "बी" श्रेणियों के समक्ष होगी तथा दूसरी श्रेणी "सी" श्रेणी के समक्ष होगी । श्री कछवाय के साथ दोनों श्रेणियों में से उत्तम श्रेणी का व्यवहार किया गया था और उन्हे उत्तम श्रेणी दी गई थी ।

(घ) जी नहीं ।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Shri Bade : Is it a fact that Shri Hukam Chand Kachhavaiya, M.P., was kept near the lunatics before 21st?

श्री हाथी : जी नहीं, पंजाब सरकार से पूछने पर हमें जो जानकारी मिली है वह ऐसी नहीं है ।

Shri Bade : Is it a fact that he was forcibly fed and what were the contents of this forced feeding and whether Shri Kachhavaiya objected to it?

श्री हाथी : हमें मिली जानकारी यह है कि उन्होंने अनशन कर रखा था और उन्हें खाना खिलाया गया और उस दिन उन्हें जो विशेष भोजन दिया गया वह वही था जो वह शुरू से लेते आ रहे थे ।

Mr. Speaker : He says that it included eggs which he does not take. मैंने यह मामला गृह-कार्य मंत्रालय को भेजा है ।

श्री हाथी : उनके लिये विशेष भोजन निर्धारित किया गया था और वही उन्हें दिया जाता था । उसमें दूध, अंडे, ...

Shri Bade : Eggs were there?

श्री हाथी : जी हां, अंडे थे । मैं वही जानकारी दे रहा हूं जो मुझे पंजाब सरकार से मिली है, उसमें कहा गया है कि पहले दिन से उन्हें अंडे, मक्खन, फलों का रस और बिटामिन की गोलियां दिये जाते थे और वह इस सारी चीज को पूरी तरह से जानते हुए खा रहे थे ।

श्री बड़े : एक प्रश्न और ।

अध्यक्ष महोदय : श्री हेम बरुआ ।

श्री हेम बरुआ : क्या यह सच नहीं है कि जेल में चार अपराधियों को श्री कछवाय पर छोड़ दिया गया जिन्होंने उन्हें बुरी तरह से पीटा जिसका परिणाम यह हुआ कि जिस चारपाई पर श्री कछ-

वाय लेटे हुए थे वह टूट गई; यदि हां, तो क्या सरकार ने—हमें जानने का अधिकार है —माननीय सदस्य के विरुद्ध इस आयोजित गुंडागर्दी की जांच करवाई है . . . . .

अध्यक्ष महोदय : शांति, शांति । मैंने यह सब आगे भेज दिया है ।

श्री हेम बरुआ : मेरा विनम्र निवेदन है कि यह आपका भी नैतिक कर्तव्य है । सदन के माननीय अध्यक्ष होने के नाते आपको हमारे शारीरिक, मानसिक तथा नैतिक उद्धार का ध्यान रखना है । इस लिये क्या मैं जान सकता हूं कि क्या आपने सरकार के साथ यह मामला उठाया है :

अध्यक्ष महोदय : सदस्यों के मानसिक उत्थान का ध्यान तो शायद मैं न रख सकूं परन्तु जहां तक दूसरी चीजों का सम्बन्ध है, मैंने वास्तव में ध्यान रखा है । मैं पहले ही इसे आगे भेज चुका हूं और मुझे आशा है कि मुझे उत्तर मिल जायगा ।

श्री बड़े : मैं सभा को आश्वासन दिलाना चाहता हूं कि अध्यक्ष महोदय ने पूरा सहयोग दिया है । श्रीमन आप ने अपनी पहुंच के अन्दर हर चीज की है और उस के लिये मैं आप को धन्यवाद देता हूं ।

श्री हाथी : आप ने जो पत्र भेजा था वह मुझे मिल गया है और हम जांच कर रहे हैं ।

श्री हेम बरुआ : श्रीमन, मुझे खेद है ; मैं नहीं जानता था कि आप इतनी रुचि ले रहे हैं ।

श्री कपूर सिंह : क्या मैं इस प्रश्न का सीधा और स्पष्ट उत्तर पा सकता हूं कि क्या यह सच है या नहीं कि माननीय सदस्य को अम्बाला जेल के उस भाग में रखा गया था जो पूर्णतः पागलों के लिए रक्षित है और पागल ही वहां रहते हैं । ?

श्री हाथी : जी नहीं, उन का कहना है कि उन्हें हस्पताल के समीप एक कोठरी में रखा गया था और बाद में जब उन्होंने किसी और जगह की मांग की तो उन्हें वहां बदल दिया गया था ; पागलों या ऐसे मानसिक रोगियों के लिए रक्षित भाग में नहीं ?

श्री कपूर सिंह : क्या आप और जांच करेंगे ?

श्री हाथी : जी हां ।

Shri Prakash Vir Shastri : Has Shri Hukam Chand Kachhavaiya written any letter to the Home Minister after his release from Ambala jail; if so, has any enquiry been made by the hom. Home Minister into the Complaints contained therein and any such decision taken thereafter that in future no State Government can give this treatment to the M.Ps. ?

Shri Hathi : One letter has been sent by him and another by the hon. Speaker. We have forwarded them to the Punjab Government for its report.

Shri Ram Sewak Yadav : The hon. Minister has first stated that the report received from the Punjab Government says that the hon. Member, Shri Kachhavaiya, was given eggs and other things from the first day and he knew it.

Shri Kachhaviya says that he does not take eggs ? Similarly, there are instances of beating also which are endorsed by one party and denied by the other. Is the hon. Home Minister considering to have a judicial probe into the matter so that the reality may be known ?

Shri Hathi :..The question received earlier and the letter of another hon. Member are...........

Mr. Speaker : Since it pertains to a Member of Parliament, the question of judicial probe or investigation does not arise but I must say that the hon. Minister should make a special enquiry because we must know how the Members of Parliament are treated.

डा० मा० श्री० अणे : क्या मैं जान सकता हूं कि उनके आपत्ति करने पर भी जेल अधिकारी उन्हें अंडे खिलाने पर जोर देते रहे ?

अध्यक्ष महोदय : उन का कहना है कि उन्हें पहले अंडे दिए गए थे और वह उन्हें खाते रहे।

श्री बड़े : वह बिल्कुल नहीं जानते थे कि उसमें अंडे हैं ; जब उन्हें पता चला तो उन्होंने इस पर आपत्ति की ।

Shri Yashpal Singh : Is it a fact that according to the Jail Manual A class prisoners stay within the precincts and are not detained in any solitary cell ? Why was Shri Kachhavaiya kept in a manner thieves and dacoits are kept ?

Shri Hathi : According to the Jail Manual of the Punjab Government there are no three classes as A, B and C; they are only two categories, one is ordinary and the other superior. Shri Kachhaviya was given the superior category treatment.

Shri U.M. Trivedi : Will any action be taken against those brutes who gave eggs to him ?

Mr. Speaker : How will that please anybody ?

श्री उ० मू० त्रिवेदी : जब एक व्यक्ति अंडे नहीं खाता तो उसे खाने पर क्यों विवश किया गया था ? उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस क्यों पहुंचाई गई ? जब हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाती है तो क्या वह हमें सहन करना पड़ेगा ?

अध्यक्ष महोदय : मैंने उन्हें कुछ भी कहने की छूट नहीं दी थी। मैंने तो केवल यह बताया है कि पंजाब सरकार ने जो स्थिति बताई है वह यह है कि उन्हें क्योंकि उस जगह रखा गया वह वही भोजन खाते रहे जो उन्हें दिया जाता था और जो उन्हें जबरदस्ती खिलाया गया था। स्थिति तो यह है। अब अगर यह गलत है तो वह अलग बात है।

Shri Rameshwaranand : Mr. Speaker, all have equal rights in a democracy but all have the freedom of food habits. The hon. Members Shri Kachhavaiya, was forcibly fed on eggs. As he is a vegetarian, his religious sentiments have been hurt by giving him eggs forcibly. Is Government trying to punish those who have done like this ?

Mr. Speaker : He is enquiring into that.

Shri Onkar Lal Berwa : The hon. Member, Shri Kachhavaiya, was asked to be beaten by four life prisoners when he was wounded, two compounders and one doctor were kept by his side throughout the night. Has the hon. Minister received the doctor's report. if so, the contents thereof and whether he will place it on the Table of the House ?

Mr. Speaker : This should be looked into because I have also received the allegation that the doctor come to attend. The hon. Minister may also enquire whether the doctor has submitted any report.

Shri Onkar Lal Berwa : What is the doctor's report?

Mr. Speaker : He may not have it with him.

Shri Onkar Lal Berwa : Yes, the report has come to him.

श्री हाथी : मेरे पास कुछ जानकारी है ; पर डाक्टर ने कहा है कि कोई शारीरिक चोट नहीं आई थी ।

श्री बड़े : पेट तथा पीठ में दर्द । He is having pain.

Mr. Speaker : What can the doctor say about pain?

शान्ति, शान्ति । श्री बड़े वकील हैं और वह अदालतों में वकालत करते रहे हैं। **(अन्तर्बाधा)**

शान्ति, शान्ति । एक साथ पांच सदस्य नहीं । मैं उन में से किसी को अनुमति नहीं दूंगा ।

Shri Ram Sewak Yadav : What does personal injury mean?

Mr. Speaker : Order, Order. Those Members who ask questions without my permission. I will not allow their questions to be replied.

Shri Ram Sewak Yadav ; What does the hon. Minister understand by personal injury?

Mr. Speaker : It may not be answered. Shri Kashi Ram Gupta.

Shri Kashi Ram Gupta : The Punjab Government has been accused of giving a wrong statement regarding Shri Kachhavaiya. Will the Government of India, therefore, conduct the enquiry through one of its reliable officers or will it proceed on the basis of the report of the Punjab Government only?

An hon. Member : They will have the enquiry made by Mr. Kairon.

श्री हाथी : पहले हम पंजाब सरकार से जानकारी प्राप्त करेंगे और फिर देखेंगे ?

Shri Prakash Vir Shastri : Mr. Speaker, kindly direct the hon. Home Minister to place before this House his letter and the reply given to it by the Punjab Government, so that we may be able to know what he wrote and what the Punjab Government has written in reply.

Mr. Speaker : That can be pursued later on.

Shri Rameshwaranand : Mr. Speaker, is this justice that the Punjab Government who is guilty should conduct the enquiry? In that case, reports may be had even from the dacoits.

Mr. Speaker : The hon. Member may resume his seat. Dr. Lohia.

Dr. Ram Manohar Lohia : The hon . Member, Shri Kachhavaiya, says that he has been beaten in the jail. The Punjab Government has denied it. This issue has been hanging fire for more than a week. A person like me at least shall have greater faith in what the hon. Member says than what is claimed by the Punjab Government. I feel that even the hon. Minister might have found a similar impression. I want to ask him whether these eight or ten days were not sufficient for the whole enquiry and whether he would bring this issue before the House in a day or two .

Mr. Speaker : It is possible that the Government can bring it up here in a day or two ?

Shri Hathi : It cannot be done that early. We would be in a position to say something after the reply of the Punjab Government is received.

परन्तु मैं कहना चाहता हूं कि जहां तक इस सदन के माननीय सदस्य का सम्बन्ध है, हम इस सदन के सभी सदस्यों का बड़ा आदर करते हैं। इसलिये जहां तक हमारा सम्बन्ध है, हम वह सारी जानकारी प्राप्त करेंगे जो आपने मांगी है—और देखेंगे कि पत्र में क्या है। हमे तो किसी भी तरह की हिचकिचाहट नहीं है। **(अन्तर्बाधा)**

अध्यक्ष महोदय : पटल पर पत्र रखे जायें। आगे और कोई प्रश्न नहीं होंगे।

Shri Bagri : Mr. Speaker.....

Mr. Speaker : The hon. Member may take his seat now. I cannot allow any more questions.

Shri Bagri : Mr. Speaker, this question pertains to the persons from Punjab and they should therefore be given the opportunity.

Mr. Speaker : Order, order, I have allowed fifteen minutes for this question because it was regarding one of our own Members. Now, I cannot allow more questions.

Shri Bagri : Mr. Speaker, I want to ask when the Chief Minister there is himself guilty, what enquiry he will make.

Shri Daljit Singh : Mr. Speaker, why are we not given the opportunity when we want to ask questions in this regard. Let me also have a chance.

Mr. Speaker : The hon. Member may resume his seat.

Shri Daljit Singh : When he is having so many complaints, how is Shri Kachhavaiya reported to have gained weight in the jail ? (*Interruptions*)

Mr. Speaker : The hon. Member may sit down now.

Shri Bade : Mr. Speaker it is on record that the hon Member has gained no weight. Shri Kachhavaiya is here. You may have his weight (*Interruptions*)

Mr. Speaker : Order, order. the hon. Member may take his seat now.

Shri Onkar Lal Berwa : He has lost 14 lbs. (*Interruptions*)

Shri Rameshwaranand : Mr. Speaker, he is saying before you that the weight has increased. Such lies are being told in the House but you cannot do anything in this respect. You are calling us to 'order' but you are not saying anything to him who has said this thing.

Shri Bade : Mr. Speaker......(*Interruptions*).

Mr. Speaker : Will the leader of the party keep Shri Bade under control or not ?

Shri Daljit Singh : We want that the doctor's report should be placed before the House.

Shri Bade : Mr. Speaker, please listen. (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : मैं इस तरह का विवाद नहीं चलने दूंगा। जब मैं कह रहा हूं तो उन्हें अवश्य बैठ जाना चाहिये। मैं ने चार-पांच बार श्री बड़े को बैठने को कहा है लेकिन वह सुनते ही नहीं हैं।

श्री बड़े : वह कुछ कह रहे थे . . .

अध्यक्ष महोदय : मैंने उन्हें भी बैठने को कहा है और मैंने उस प्रश्न के उत्तर की अनुमति नहीं दी है। (अन्तर्बाधायें) यदि वह मेरी बात नहीं सुनेंगे तो मुझे कुछ और करना पड़ेगा। पत्र पटल पर रखे जायें।

Shri Ram Sewak Yadav : On a point of order.

Shri Bagri : On a point of order.

Shri Onkar Lal Berwa : Whatever the hon. Member has said is a white lie.

Mr. Speaker : There is no point of order at the moment.

Shri Ram Sewak Yadav : Sir, it is in this very connection.

Mr. Speaker : I cannot allow the point of order if it arises from what I have said. The hon. Member may resume his seat. There is no point of order at this time.

Shri Ram Sewak Yadav : Mr. Speaker, please listen what is the point of order.

Mr. Speaker : How can I listen? How can there be a point of order when one thing has finished and the other has not yet been taken up? There can therefore be no point of order.

Shri Ram Sewak Yadav: Sir, I have to make one submission in this very connection. What will be the harm if you listen for a second?

Mr. Speaker: I am not prepared to listen anything more. He may kindly sit down.

Shri Ram Sewak Yadav : Sir, this is a very important question.

Mr. Speaker : Howsoever important it may be—when I have finished it, I will listen nothing more.

Shri Ram Sewak Yadav : Sir, a very serious thing has been said and it will remain on the record.

Mr. Speaker : I would request the hon. Member to sit down. I have finished this question and I will not listen anything in this regard now. I have called Shri Krishnamachari.

Papers to be laid on the Table.

Dr. Ram Manohar Lohia : Sir, I do not want to say anything in this respect, but I request you....

Mr. Speaker : I have stated that this question is no more before us and I have called Shri Krishnamachari to lay the papers.

Dr. Ram Manohar Lohia : Sir, not in this connection ....

Mr. Speaker : I have called Shri Krishnamachari. I will allow him after the papers have been laid.

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

गुज्जर कल्याण बोर्ड

*५२६. **श्री गो० महन्ती** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा स्थापित किए गए गुज्जर कल्याण बोर्ड के कृत्य क्या हैं तथा उसके सदस्य कौन-कौन हैं ; और

(ख) जिस समुदाय के लिये यह बोर्ड बनाया गया है क्या उस के प्रतिनिधि इस बोर्ड में हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती चन्द्रशेखर) : (क) गुज्जर कल्याण बोर्ड के कृत्य ये हैं : (१) गुज्जरों की समस्या का परीक्षण करना, (२) उनकी समृद्धि के लिए योजनाएं सुझाना और विशेष रूप से (३) यह सुनिश्चित करना कि गुज्जरों की समस्या हल करने में, जम्मू तथा काश्मीर, पंजाब, उत्तर देश और हिमाचल प्रदेश में एक समान और समेकित नीति अपनाई जाय।

बोर्ड के सदस्य निम्न प्रकार हैं :

१. गृह-कार्य मंत्रालय में मंत्री —अध्यक्ष

२. प्रधान मंत्री, जम्मू तथा काश्मीर

३. पंजाब और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री

४. हिमाचल प्रदेश के उप-राज्यपाल

५. अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के आयुक्त

६. श्री मुहम्मद शफ़ी

७. श्री मामदीन गुज्जर

८. श्री धर्म देव शास्त्री ।

(ख) जी, हां। श्री शफ़ी और श्री मामदीन गुज्जर गुज्जर जाति के हैं।

लारेंस स्कूल

*५३२. **श्री रामनाथन चेट्टियार** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में लारेंस स्कूल के प्रबन्ध बोर्ड में कौन कौन व्यक्ति हैं ; और

(ख) क्या कुछ हितों का प्रतिनिधित्व न होने के बारे में जनता से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है तथा यदि हां, तो क्या ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) दोनों लारेंस स्कूलों में से प्रत्येक के प्रबंध बोर्ड में केन्द्रीय सरकार के तीन प्रतिनिधि और भारत सरकार द्वारा मनोनीत चार सदस्य हैं।

(ख) जी, हां। दो व्यक्तियों से दो अभ्यावेदन प्राप्त हुए। एक में लारेंस स्कूल, सनावर के गवर्नर बोर्ड में अभिभावकों में से चार सदस्य मनोनीत किये जाने का सुझाव है और दूसरा लारेंस स्कूल, लोवाडेल के प्रशासन बोर्ड में स्थानीय बडाग समुदाय के एक सदस्य के मनोनीत किये जाने के बारे में है।

जम्मू तथा काश्मीर में अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

***५३३. श्री स० मो० बनर्जी** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जम्मू तथा काश्मीर सरकार ने कुछ प्रशासनिक पदों पर नियुक्त करने के लिए केन्द्र से कुछ अधिकारियों की सेवायें मांगी हैं ; और

(ख) यदि हां, तो कितने अधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं या किये जाने वाले हैं ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा) : (क) और (ख). जम्मू तथा काश्मीर सरकार की प्रार्थना पर भारत सरकार और पंजाब सरकार ने क्रमशः आयुक्त और मुख्य सचिव के पदों के लिये दो अधिकारियों की सेवायें उनको उपलब्ध की जा चुकी हैं। जम्मू तथा काश्मीर सरकार ने हमें बताया है कि वे यथा समय अन्य अपेक्षित अफसरों के बारे में बतायेंगे।

स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास

***५३६. श्री इ० मधुसूदन राव** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास लिखने का काम पूरा हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो पुस्तक कब तक छप जायेगी ; और

(ग) उस पर कितना धन खर्च होगा ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, नहीं।

(ख) पहला खंड जनवरी, १९६१ में प्रकाशित किया गया था। दूसरे खंड की हस्तलिपि शीघ्र ही छपने को भेजी जानी है।

(ग) ३१ जनवरी, १९६४ तक इतिहास के पहले तथा दूसरे खंडों के संकलन पर लगभग २,५८,८१३ रुपये खर्च किये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त पहले खंड के मुद्रण और प्रकाशद पर २२,५०० रुपये खर्च हुए।

"वैज्ञानिक प्रतिभा की खोज"

***५३७.**
श्री वारियार :
श्री दाजी :
ी वासुदेवन नायर :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :]
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री यशपाल सिंह :

क्या **शिक्षा** मंत्री १८ दिसम्बर, १९६३ के तारांकित प्रश्न संख्या ६३४ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् की "वैज्ञानिक प्रतिभा की खोज" योजना के अधीन विद्यार्थियों का चुनाव करने में क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) राज्य वार छांटे गये विद्यार्थियों की सूची क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). जम्मू तथा काश्मीर तथा केरल राज्यों को छोड़ कर देश भर में ३०० से भी अधिक केन्द्रों में २३ फरवरी, १९६४ को एक "वैज्ञानिक प्रतिभा खोज" परीक्षा की गयी थी। इस में ये दो राज्य कुछ प्रशासनिक कठिनाईयों के कारण भाग नहीं ले सके। उत्तर के पर्चे प्राप्त किये जा रहे हैं और उन्हें परीक्षकों को भेजने के लिये छांटा जा रहा है। परिणाम के जुलाई, १९६४ के प्रथम सप्ताह तक घोषित किये जाने की सम्भावना है।

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् की पुर्नविलोकन समिति

*५३८. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** :
श्री दी० चं० शर्मा :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की पुर्नविलोकन समिति ने अपना प्रतिवेदन पेश कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उस की मुख्य सिफारिशें क्या हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री० मु० क० चागला) : (क) जी, अभी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) समिति ने नवम्बर, १९६३ में ही कार्य आरम्भ किया है।

सिनेमा घरों में राष्ट्रगान

*५३९. **श्री हरि विष्णु कामत** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने निदेश दिया है कि सिनेमा घरों में प्रत्येक 'शो' के बाद राष्ट्रीय गान बजाया जाना चाहिये ;

(ख) क्या ऐसे समाचार मिले हैं कि कुछ दर्शक प्रायः राष्ट्रगान का उतना आदर नहीं करते हैं जितना होना चाहिये ; और

(ग) यदि हां, तो मामले में क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : (क) राष्ट्रीय प्रतिरक्षा परिषद् की जन-सम्पर्क समिति की सिफारिश पर ऐसे निदेश दिये गये कि अपराह्न और सांयकालीन (६–३० बजे) 'शो' के बाद सिनेमा घरों में राष्ट्रीय गान बजाया जाये।

(ख) इस प्रकार की कुछ रिपोर्टें मिली हैं।

(ग) राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे इस बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए और बातों के साथ-साथ समाचार पत्रों का और सिनेमा मालिकों का सहयोग प्राप्त कर, जो इस बारे में उचित रूप से यह बतायें कि श्रोताओं को राष्ट्रीय गान के बजाये जाने के दौरान किस प्रकार व्यवहार करना है, उचित कदम उठाये।

कच्छ क्षेत्र में तेल की संभावनायें

*५४०. श्री विश्वनाथ पाण्डेय : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि फ्रांसीसी पेट्रोलियम संस्था ने कच्छ के आस पास तटदूर क्षेत्र में तेल पाये जाने की संभावनाओं का पता चलाया है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली विश्वविद्यालय में डाक द्वारा शिक्षा

*५४१. { श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री सेझियान :
श्री महेश्वर नायक :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली विश्वविद्यालय में डाक द्वारा शिक्षा सन्तोषजनक रूप से दी जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या विज्ञान तथा अन्य विभागों में भी इसको लागू किया जा रहा है ; और

(ग) क्या इसको लोकप्रिय बनाने के लिये उपयुक्त कदम उठाये गये हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) दिल्ली विश्वविद्यालय में डाक द्वारा शिक्षा का प्रयोग सितम्बर, १९६२ के सत्र से ही आरम्भ किया गया था और पहला "बैच" सितम्बर, १९६५ में निकलेगा । अतः यह अभी नहीं बताया जा सकता कि पाठ्यक्रम संतोषजनक रूप से चल रहा है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) जी, हां ।

सेक्शन आफिसर

१०३८. श्री विश्राम प्रसाद : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सचिवालय सेवा में अनुसूचित जातियों के कितने व्यक्ति सेक्शन आफ़िसर (प्रथम श्रेणी) लगे हुए हैं ; और

(ख) वे कितने समय से इन पदों पर कार्य कर रहे हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : (क) १० ।

(ख) ७-१० वर्ष सेवा ।

विद्यार्थियों का नामांकन

१०३६. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर नामांकन वर्ष १९६२–६३ के लिये निर्धारित लक्ष्य से अधिक हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो कितने लक्ष्य निर्धारित किये गये और प्राप्ति कितनी हुई ;

(ग) क्या यह भी सच है कि अतिरिक्त इमारतों और अध्यापकों के लिये उपबन्धों में तदनुरूप वृद्धि नहीं की गई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) अध्यापन के स्तर पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है और स्थिति के सुधारने और स्तर बनाये रखने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, हां ।

(ख) प्राथमिक	:	३३.४२ लाख (लक्ष्य)
		४१. ६ लाख (प्राप्ति)
माध्यमिक	:	४.०१ लाख (लक्ष्य)
		४.१९ लाख (प्राप्ति)

(ग) जी, हां । राष्ट्रीय आपात काल के कारण शिक्षा के लिये आवंटन में कमी के कारण ।

(घ) स्तर बिगड़ने न देने के लिये भारत सरकार ने वर्ष १९६३–६४ में राज्य सरकारों को अतिरिक्त अध्यापक नियुक्त करने के लिये २ करोड़ रुपये का एक विशेष केन्द्रीय अनुदान दिया ।

Admissions in Universities

1040. **Shri Sidheshwar Prasad :** Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the percentage of students getting through the entrance examination in 1950-51 who got admission in universities/institutions for higher studies ;

(b) the number and percentage of such students in 1960-61 ;

(c) the estimates prepared in this respect for 1965-66 ;

(d) the expected increase in this number and percentage during the Fourth Plan period ; and

(e) the details of the measures contemplated to ensure that in the coming years increasing number of students do not have to go without admission for higher education and the standard of education does not fall due to want of other necessary facilities ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) and (b).

(*i*) No. of passes in Matriculation (1950-51)	2,38,101
(*ii*) Enrolment in Pre-University/I year class of Intermediate (Arts & Science) (1951-52)	1,36,325
(*iii*) No. of passes in Matriculation (1960-61)	5,61,954
(*iv*) Enrolment in Pre-University/I year classes (Arts & Science) (1961-62)	3,28,388 (provisional)

The enrolment figures mentioned above include students who passed their Matriculation examination in 1950-51 and 1960-61. Since no information is maintained separately in respect of students who having passed their Matriculation examination enrol themselves in the following year, it is not possible to indicate the percentage of such students. The overall percentage of enrolment in Universities *vis-a-vis* passes in Matriculation is, however, 57·3 and 58·4 respectively for the two years referred to above.

(c) The University enrolment in 1965-66 is estimated at 13·02 lakhs.

(d) The expected increase in enrolment and percentage will be approximately 6 lakhs and 46% respectively.

(e) The University Grants Commission is providing assistsnce to Universities/Colleges for quantitative and qualitative improvements with a view to providing for increasing number and the maintenance of standards. of the various steps taken for ensuring quality of education, the important ones are revision of salary scales of teachers, introduction of three-year degree course, improvement of library and laboratory facilities, institution of scholarships and fellowships, travel grants, establishment of centres of advanced study, organisation of summer schools and seminars, research grants to teachers, exchange of teachers and provision of staff quarters and hostels.

अंडमान श्रम बल

१०४१ **श्री अ० सि० सहगल** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री ३ अप्रैल, १९६३ के अतारांकित प्रश्न संख्या १४०५ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष १९६२–६३ में अंडमान श्रम बल द्वारा किये गये अन्य बड़े बड़े कार्यों के लिये प्रत्येक के लिये बिलों की राशि कितनी है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : अन्य बड़े बड़े कामों के लिये लगाये गये श्रमिकों की मजूरी के कारण बिलों की रकम निम्न प्रकार है :—

	रुपये नये पैसे
प्रभारी विभाग . . .	२७७३५.९०
गैर-प्रभारी (सेवा) विभाग	११०८५.००
गैर-सरकारी व्यक्ति	२०६०.८०
राष्ट्रीय दिवसों और अन्य महत्वपूर्ण उत्सवों के समारोह के सम्बन्ध में व्यवस्था . .	७१९०.४०
सरकारी क्वार्टरों की सफाई और बाड लगाना	७३७५३.६०

पुस्तकालय विज्ञान संस्था

१०४२. श्री रामचन्द्र मलिक : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष १९६३ के अन्त तक पुस्तकालय विज्ञान संस्था से कितने व्यक्तियों ने एम० एल० बी० एस सी० की डिग्री प्राप्त की ;

(ख) पुस्तकालय विज्ञान में अग्रिम प्रशिक्षण के लिये उड़ीसा सरकार ने अब तक कितने व्यक्ति भेजे हैं ; और

(ग) विदेशी विश्वविद्यालयों में यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये केन्द्राय सरकार ने कितने व्यक्तियों को छात्रवृत्ति दी ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) ४२ ।

(ख) अभी तक कोई नहीं ।

(ग) पिछले पांच वर्षों में भारत सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत कोई नहीं ।

अध्यापक-प्रशिक्षण कालिजों में पुस्तकालय विज्ञान

१०४३. श्री राम चन्द्र मलिक : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उन अध्यापक प्रशिक्षण कालिजों की क्या सख्या है जिन्होंने तीसरी पंचवर्षीय योजना अवधि में भारत में विभिन्न अध्यापक-प्रशिक्षण कालिजों में स्कूल पुस्तकालयाध्यक्षों को प्रशिक्षित करने के लिये पुस्तकालय विज्ञान में प्रशिक्षण देने की योजना को वास्तव में क्रियान्वित कर लिया है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रखी जायेगी ।

कालिज पुस्तकालयाध्यक्ष

१०४४. श्री राम चन्द्र मलिक : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष १९६२-६३ और १९६३-६४ में अब तक विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध सरकारी और गैर सरकारी कालिजों को कालिज पुस्तकालयाध्यक्षों का स्तर ऊंचा उठाने के लिये कुल कितनी धन राशि दी है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) :

विश्वविद्यालय	१९६२-६३	१९६३-६४ (अब तक)
	रुपये	रुपये
आगरा	२००.००	३२०
आन्ध्र	१३२२.९८	१२२५
गोहाटी	४१२.५०	शून्य
गुजरात	५३८.५८	शून्य
मद्रास	१३०८.७५	१९३६.२५

उत्तर प्रदेश में पुस्तकालय-स्कूल

१०४५. श्री सरजू पाण्डेय : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले पांच वर्षों में केन्द्रीय सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को ऐसे स्कूल, जिनमें पुस्तकालय हैं या जो पुस्तकालयध्यक्षों को प्रशिक्षित करें, खोलने के लिये ऋण अथवा अनुदान के रूप में कुल कितनी राशि दी ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : पिछले पांच वर्षों में केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिये पृथक् रूप से कोई ऋण अथवा अनुदान मंजूर नहीं किया। चालू प्रक्रिया के अनुसार राज्य योजनाओं में सम्मिलित केन्द्रीय सहायता-प्राप्त योजनाओं के लिये केन्द्रीय अनुदान एक मुश्त मंजूर किया जाता है और योजना-वार नहीं।

समितियां

१०४६. श्रीमती लक्ष्मी बाई :
श्री हेम राज :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय में समितियों और उप-समितियों की कुल क्या संख्या है ; और

(ख) इस समिति में सदस्यों की कुल संख्या क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) ३४।

(ख) ३९०।

आन्ध्र प्रदेश में पोलिटेक्नीक

१०४७. श्री इ० मधुसूदन राव : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आन्ध्र प्रदेश में दिसम्बर, १९६३ के अन्त में चल रहे लड़कों तथा लड़कियों के लिये पोलीटेक्नीकों की क्या संख्या है और वे किन स्थानों पर स्थित हैं ;

(ख) क्या वर्ष १९६४–६५ में इस संख्या में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) दिसम्बर, १९६३ के अन्त में २२ पोलीटेक्नीक चल रहे थे, जिनके नाम निम्न प्रकार हैं :

सामान्य पोलीटेक्नीक :

१. गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, हैदराबाद

२. आन्ध्र पोलीटेक्नीक, काकीनाडा

३. गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, विजयवाडा

४. गवर्नमेंट पोलीटेक्नीक, वारंगल

५. गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, विशाखापटनम

६. गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, महबूबनगर

७. एस० वी० गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, तिरुपति

८. गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, प्रोद्दात्तूर

९. गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, निज़ामाबाद

१०. गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, अनन्तपुर

११. एम० बी० टी० एस० गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, गुन्टूर

१२. गवर्नमेन्ट पोलोटेक्नीक, नेल्लोर

१३. ई० एस० सी० गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, नन्दियाल

१४. गवर्नमेन्ट पोलीटेक्नीक, श्रीकाकुलम

१५. गवर्नमेन्ट कोरामिक इंस्टीच्यूट, गुडूर

१६. गवर्नमेन्ट माइनिंग इंस्टीच्यूट, कोठागुडम

१७. हैदराबाद पोलीटेक्नीक, हैदराबाद

१८. श्री एम० वी० एस० पोलीटेक्नीक, तनुकु

१९. गवर्नमेन्ट माइनिंग इन्स्टीच्यूट, गुडूर

२०. कृष्णादेवरिया पोलीटेक्नीक, वनपर्थी

लड़कियों के पोलीटेक्नीक

२१. गर्ल्स पोलीटेक्नीक, हैदराबाद

२२. गवर्नमेंट पोलीटेक्नीक फार गर्ल्स, काकिनडा ।

(ख) और (ग) राज्य की तृतीय पंचवर्षीय योजना में लड़कियोंके लिये दो और पोलीटेक्नीक स्थापित किये जाने की व्यवस्था है। इनके स्थानों समेत पोलीटेक्नीकों के लिये विस्तृत योजना राज्य सरकार से प्रतीक्षित है।

गोल्फ

१०४८. { **श्री कर्णी सिंह जी :**
श्री ललित सेन :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या हाल की अखिल भारत गोल्फ प्रजेतृत्व को, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, ध्यान में रखते हुए क्या सरकार का विचार इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण को राज-सहायता देने और उनमें से प्रत्येक को गोल्फ क्लब का एक सेट निशुल्क देने का है ताकि वे विदेशी गोल्फ खिलाड़ियों के समान बन सकें ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : इस बारे में भारतीय गोल्फ संघ ने अभी तक सरकार से कोई अनुरोध नहीं किया है। जब कभी कोई प्रस्ताव प्राप्त होगा, इस पर सरकार अखिल भारत खेल कूद परिषद् के परामर्श से विचार करेगी ।

टोकियों आलम्पिक खेलों में भारतीय खिलाड़ी

१०४९. { श्री कर्णी सिंहजी :
श्री ललित सेन :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का अक्तूबर, १९६४ में टोकियो आलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिये जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा देने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन): (क) और (ख). भारतीय आलम्पिक एसोसिएशन ने सितम्बर, १९६३ में बताया था कि उनको आलम्पिक खेल, १९६४ में भाग लेने के लिये भारतीय खिलाड़ियों को भेजने के लिये १,२९,००० लाख रुपये की विदेशी मुद्रा की अस्थायी तौर पर आवश्यकता है । इसमें भाग लेने वालों का अन्तिम रूप से चयन हो जाने पर और निश्चित प्रस्ताव प्राप्त होने पर सरकार इस मामले में कोई निर्णय करेगी ।

सेक्शन अफसरों की तालिका

१०५०. **श्री जेधे** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष १९५९ और १९६० में असिस्टेंट सुपरिन्टेंडेंटों की परीक्षा में छोड़े गये उम्मीदवारों की इस श्रेणी में पदोन्नति के लिये कोई तालिका बनायी गयी है ;

(ख) पदाली में से कब तक नियुक्त की जाने की सम्भावना है ; और

(ग) इसके कब तक पूरा हो जाने की सम्भावना है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उबमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग). यह निर्णय किया गया है कि सेक्शन अफसरों की श्रेणी के लिये चयन सूची में शामिल किये जाने के लिये वर्ष १९५९ और १९६० की परीक्षाओं में छोड़े व्यक्तियों को सूची पांच वर्षों की अवधि के लिये अपेक्षित संख्या के लिये हर वर्ष थोड़ी थोड़ी करके सघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से तैयार की जाये जैसा कि केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियमों, १९६२ में निर्दिष्ट है । सेक्शन आफिसर्स ग्रेड सीमित प्रतियोगी परीक्षा, १९६३ के परिणाक निकलने के बाद इस सूची में से चयन सूची में प्रथम नियुक्ति की जायेगी ।

उड़ीसा को सांस्कृतिक अनुदान

१०५१. **श्री रामचन्द्र उलाका** : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

३३	पेंशनें और अन्य सेवा-निवृत्ति लाभ	६३,८९,०००
३५	अफीम	४६,००,०००
३६	वित्त मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	५२,००,०००
३८	राज्यों को सहायतार्थ अनुदान	३,५०,००,०००
३९	केन्द्र तथा राज्य सरकारों के बीच विविध समायोजन	५,००,०००
४३	कृषि अनुसन्धान	४,९१,०००
५५	जनगणना	५,५३,०००
६०	अन्देमान और निकोबार द्वीपसमूह	३७,२७,०००
६३	लक्कद्वीप, मिनीकोय और अमीनदीवी द्वीप समूह	१८,६३,०००
६८	सूचना और प्रसारण मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	९,७२,०००
६९	बहुप्रयोजनीय नदी योजनायें	१८,००,०००

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
७०	सिंचाई और विद्युत मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	७९,००,०००
७३	श्रम और रोजगार मंत्रालय . .	८३,९५,०००
८६	वैज्ञानिक अनुसंधान तथा सांस्कृतिक-कार्य .	१,३०,००,०००
९५	प्रकाश स्तम्भ तथा प्रकाश पोत .	३,८०,०००
९९	भारतीय डाक तथा तार	३,५५,००,०००
१००	डाक तथा तार—सामान्य राजस्व में लाभांश और रक्षित निधि में विनियोग . .	३,७३,८६,०००
१०२	लोक निर्माण-कार्य . .	२,५०,००,०००
१०३	लेखन-सामग्री और मुद्रण	३,१४,००,०००
१०४	विस्थापित व्यक्तियों पर व्यय	३५,२९,०००
११२	उप-राष्ट्रपति का सचिवालय	२५,०००
११७	शिक्षा मंत्रालय का पूंजी परिव्यय .	८३,००,०००
११८	वैदेशिक-कार्य मंत्रालय का पूंजी परिव्यय . .	२७,००,०००
१२०	चल-मुद्रा और सिक्के पर पूंजी परिव्यय . . .	१,९५,४८,०००
१२३	पेन्शनों का राशिकृत मूल्य	२४,७२,०००
१२४	वित्त मंत्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय . . .	६,०४,००,०००
१२६	केन्द्रीय सरकार द्वारा ऋण और अग्रिम धन . .	४,००,००,०००
१२८	खाद्यान्नों का क्रय	२५,००,००,०००
१३३	बहु प्रयोजनीय नदी योजनाओं पर पूंजी परिव्यय . .	१,०००
१३५	श्रम और रोजगार मंत्रालय का पूंजी परिव्यय . .	४,६०,०००
१३७	वैज्ञानिक अनुसंधान तथा सांस्कृतिक-कार्य मंत्रालय का पूंजी परिव्यय	१,५०,००,०००
१३९	सड़कों पर पूंजी परिव्यय	२,७७,६८,०००
१४२	परिवहन तथा संचार मंत्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय	१,०००
१४३	डाक तथा तार विभाग पर पूंजी परिव्यय . . (राजस्व से नहीं दिया गया)	४,२६,६९,०००
१४४	लोक-निर्माण कार्यों पर पूंजी परिव्यय . . .	५०,००,०००
१४५	दिल्ली पूंजी परिव्यय	१०,९०,६४,०००
१४६	निर्माण, आवास तथा पुनर्वास मंत्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय .	९३,००,०००

विनियोग विधेयक, १९६३-६४

APPROPRIATION BILL, 1963-64

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा) : मैं प्रस्ताव करती हूं :

"कि वित्तीय वर्ष १९६३–६४ में प्रयोग के लिए भारत की संचित निधि में से कुछ और राशियों के भुगतान और विनियोजन का प्राधिकार देने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाय।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष १९६३–६४ में प्रयोग के लिए भारत की संचित निधि में से कुछ और राशियों के भुगतान और विनियोजन का प्राधिकार देने वाले विधेयक को पुरः-स्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करती हूं।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैं प्रस्ताव करती हूं :

"कि वित्तीय वर्ष १९६३–६४ में प्रयोग के लिये भारत की संचित निधि में से कुछ और राशियों के भुगतान और विनियोजन का प्राधिकार देने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष १९६३–६४ में प्रयोग के लिए भारत की संचित निधि में से कुछ और राशियों का भुगतान और विनियोजन का प्राधिकार देने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

उपाध्यक्ष महोदय : अब सभा विधेयक पर खण्डवार विचार करेगी।

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड १ से ३, अनुसूची, अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक के अंग बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड १ से ३, अनुसूची, अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clauses 1 to 3, the schedule, the Enacting formula and the Title were added to the Bill.

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : मैं प्रस्ताव करती हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

अनुदानों की मांगें

DEMANDS FOR GRANTS

शिक्षा मंत्रालय

उपाध्यक्ष महोदय : अब सभा शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर चर्चा तथा मतदान करेगी। इस के लिए ७ घंटे का समय निर्धारित किया गया है। माननीय सदस्य मांगों के बाद अपने कटौती प्रस्ताव भी प्रस्तुत कर सकते हैं ।

वर्ष १९६४–६५ के लिए शिक्षा मंत्रालय की अनुदानों की निम्नलिखित मांगें प्रस्तुत की गईं :—

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
८	शिक्षा मंत्रालय	७९,०७,०००
९	शिक्षा	३३,५२,९०,०००
१०	पुरातत्व	१,१७,६१,०००
११	भारत का सर्वेक्षण	३,८१,४२,०००
१२	वनस्पतिक सर्वेक्षण	२५,९९,०००
१३	प्राणिकीय सर्वेक्षण	२३,८०,०००
१४	शिक्षा मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	१०,८२,६१,०००
११४	शिक्षा मंत्रालय का पूंजी परिव्यय	५,१,३३३,०००

शिक्षा मंत्रालय की मांगों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किये :—

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
८	१	श्री विश्राम प्रसाद	शिक्षा का स्तर उठाने तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित आदिम जाति के लोगों को पर्याप्त शिक्षा सम्बन्धी सुविधायें देने में असफलता	राशि घटाकर १ रुपया कर दी जाये
8	2	Shri Ram Sawak Yadav	Uniformity in Primary Education and discontinuance of English as the medium of Education.	Sum to be reduced to Re. 1/-
६	५	श्री मी० रु० मसानी	पाठ्य पुस्तकों की घटिया किस्म, अधिक मूल्य, अपर्याप्त संभरण तथा नकली पुस्तकों का प्रकाशन	१०० रुपये
६	६	श्री विश्राम प्रसाद	राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद्, केन्द्रीय सेकेन्डरी शिक्षा बोर्ड की सिफारिशों को क्रियान्वित, साहित्य लिखने के लिए वित्तीय सहायता, ललित कला अकादमी के कार्य का निर्धारण तथा निःशुल्क अनिवार्य शिक्षा सम्बन्धी सुविधायें देने की आवश्यकता	१०० रुपये
६	७	श्री बड़े	दिल्ली के स्कूलों में रोकड़ का काम करते वाले क्लर्कों को अधिक वेतन देने, तथा विभिन्न स्कूलों और कालेजों में शिक्षा संबंधी योजनाओं में समन्वय की आवश्यकता	१०० रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
8	8	Shri Ram Sewak Yadav	Need to enquire into the affairs of council of Scientific and Industrial Research and Vishwa Bharati.	Rs. 100
९	११	श्री बड़े	स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले लोगों के बारे में पुस्तक प्रकाशित करना तथा राज्यों को शिक्षा के लिये सहायता देने की आवश्यकता ।	१०० रुपये
११	१६	श्री वासुदेवन नायर	सर्वे आफ इंडिया के कर्मचारियों पर वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की आवश्यकता ।	१०० रुपये
१४	१८	श्री वासुदेवन नायर	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् के कार्य में अकुशलता ।	१०० रुपये

उपाध्यक्ष महोदय : ये कटौती प्रस्ताव सभा के सामने प्रस्तुत हैं।

श्री मी० रु० मसानी (राजकोट): उपाध्यक्ष महोदय, मेरा कटौती प्रस्ताव संख्या ५ स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली पाठ्य पुस्तकों से सम्बन्धित है, इस सम्बन्ध में दो मुख्य बातें हैं। पहली बात यह है कि सरकार द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तकें घटिया किस्म तथा ऊंचे मूल्य वाली हैं। ये पर्याप्त संख्या में बाजार में उपलब्ध नहीं की जाती हैं। दूसरी बात यह है कि बाजार में बड़ी संख्या में नकली तथा जाली पुस्तकें प्रकाशित की जाती हैं। यह खेदजनक बात है कि पाठ्य पुस्तकों का स्तर गिरता जा रहा है और देश के प्रगतिशील व्यक्तियों को इन से कोई लाभ नहीं पहुंच रहा है।

शिक्षा मंत्रालय के प्रतिवेदन के अनुसार सरकार को पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित करने के लिए जर्मनी, आस्ट्रेलिया तथा स्वीडन द्वारा मुद्रणयंत्र तथा कागज दान के रूप में दिये जा रहे हैं, जो सराहनीय है। किन्तु सब से महत्वपूर्ण बात यह है कि इन का प्रयोग अच्छे किस्म की पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित करने के लिए किया जाना चाहिये।

पाठ्यपुस्तकों के प्रकाशन का एकाधिकार होना खतरनाक बात है। इस से प्रजातांत्रिक स्वतंत्र विचारधारा का विकास नहीं हो पाता है। भारत में पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित करने का एकाधिकार राज्य सरकारों के हाथ में है बच्चों को पाठ्य पुस्तकों द्वारा सरकार की विचारधारा के बोझ से न लाद कर स्वतंत्र रूप से अध्ययन करना चाहिये।

वर्ष १९४२ में पाठ्य पुस्तकों सम्बन्धी जांच समिति ने अपने प्रतिवेदन में इस बात पर जोर दिया था कि पुस्तकों के प्रकाशन के मामले में प्रकाशकों और सरकार में स्पर्धा होनी चाहिए। पुस्तकों के प्रकाशन पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध लगाना अनुचित है। स्कूलों के बच्चों के लिए

एक से अधिक पाठ्य पुस्तकें होनी चाहियें ताकि शिक्षा में नई पद्धति अपनाने की दृष्टि से पुस्तकों का चुनाव आसानी से हो सके। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि शिक्षा को किसी प्रकार की विचारधारा के प्रचार का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।

उसी वर्ष मुदलियार समिति ने भी पाठ्य पुस्तकों के एकाधिकारों को खतरनाक बताया था। किन्तु इन चेतावनियों के बावजूद भी वर्ष १९५७ में राज्य के शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में मौलाना आजाद के जोर देने पर राज्य सरकारों को पाठ्य पुस्तकों के प्रकाशन का एकाधिकार दिया गया।

सरकार द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पाठ्यपुस्तकों के बारे में मद्रास हाईकोर्ट ने भी अपने एक निर्णय में कहा है कि इन पुस्तकों में संकीर्ण दृष्टिकोण अपनाया गया है। देश के अनेक समाचार-पत्रों ने भी इस सम्बन्ध में बड़ी आलोचना की है। वास्तविकता यह है कि ये पुस्तकें इतनी घटिया किस्म की हैं कि यदि गैर-सरकारी प्रकाशकों को भी सरकार के साथ प्रतिस्पतर्धा करने का मौका दिया जाये तो सरकार द्वारा प्रकाशित एक भी पुस्तक स्कूलों में न पढ़ाई जाये।

मैं बहुत पुराना यह कह रहा हूं कि राज्य सरकारों को पाठ्य पुस्तकों में से नफा कमाने से रोका जाना चाहिए। मैंने इस बारे में चेतावनी दी थी। परन्तु इसकी परवाह नहीं की गयी। चार पांच वर्षों के बाद ही आपने देख लिया है कि इस दिशा में कितनी हानि उठानी पड़ी है। मेरा निवेदन यह है कि राज्य सरकारों को गैर-सरकारी प्रकाशकों के साथ प्रतियोगिता करने दीजिए। इससे एकाधिकार हटेगा और प्रकाशनों का कुछ स्तर निर्माण हो जायेगा।

अब मैं दूसरी बात की ओर आता हूं। वह यह है कि बाजार में जाली पुस्तकें चल रही हैं। जहां तक मेरी जानकारी है ऐसे कम से कम सात राज्य हैं यहां सरकार द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को जाली तौर पर छापने का काम बड़ा व्यापक पैमाने पर चलता है। इस व्यापार के कारण सरकारों को १० करोड़ रुपये का घाटा उठाना पड़ा। पुस्तकों को चोरी छिपे प्रकाशन का काम दो प्रकार से चलता है। एक तो यह कि यह बहुत ही निम्नकोटि के प्रेसों में छपता है। इससे पुस्तकों की कोटि बहुत ही खराब हो जाती है। इसमें जो चित्र इत्यादि छपते हैं वे भी इस तरह से खराब हो जाते हैं। उनमें काफी त्रुटियां रह जाती हैं।

इस बारे में मेरा निवेदन यह है कि यदि सरकार ने पाठ्य पुस्तकों के प्रकाशन का काम अपने हाथ में न लिया होता तो इस तरह की स्थिति का निर्माण न होता। यह भी सोचने की बात है कि इस तरह आखिर होता क्यों है। इसके तीन कारण हैं, प्रथम यह कि राज्य द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का मूल्य अधिक होता है तथा वे सुगमता से उपलब्ध नहीं होतीं। और दूसरा बड़ा कारण यह है कि सरकार अपनी प्रकाशित पुस्तकों पर व्यापारियों को कुछ कमीशन नहीं देती। उन्हें उचित मुनाफा नहीं मिलता जो उन रुचि भी उन पुस्तकों की बिक्री में नहीं रहती। वे लोग चोरी छिपे छपी हुई पुस्तकें बेचते हैं। मेरा मत यह है कि इसका उपचार यही है कि पाठ्य पुस्तकों का राज्य एकाधिकार समाप्त कर दिया जाय और यह काम गैर-सरकारी निकायों पर ही छोड़ दिया जाना चाहिए। इस दिशा में राष्ट्रीयकरण से समस्या हल नहीं होगी।

श्री वासुदेवन नायर (अम्बलपुंजा) : नये शिक्षा मंत्री का यह प्रथम बजट है, हमें इसका स्वागत करना चाहिये और उनकी सफलता के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। गत १७ वर्षों की मंत्रालय की कहानी असफलता की कहानी है। कहा गया था कि १९६० तक ६ वर्ष से लेकर १४ वर्ष के बच्चों तक की शिक्षा अनिवार्य और मुफ्त हो जायेगी। परन्तु यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा

सका । और आशा भी नहीं कि १९९० तक इस लक्ष्य को पूरा किया जा सके । निर्णय किया गया है कि डिग्री का कोर्स तीन वर्ष का कर दिया जाय परन्तु हमारे विश्वविद्यालय इस दिशा में भी मनमानी ही कर रहे हैं । विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग ने यह सिफारिश की थी कि विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा प्रादेशिक भाषाओं में दी जाये । परन्तु इस दिशा में भी कुछ नहीं किया गया । मेरा निवेदन है कि विश्वविद्यालय स्तर पर प्रादेशिक भाषाओं में अध्यापन आरम्भ करने का कार्य शीघ्र करना चाहिए क्योंकि जो बच्चे स्कूल में सब कुछ प्रादेशिक भाषा में सीखते हैं और उन्हें विश्वविद्यालय में प्रवेश करने पर कठिनाई का सामना करना पड़ता है । मंत्रालय को विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की सिफारिशों को अधिक अच्छे भाव के साथ अपनाना चाहिये । इसके साथ ही मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि शिक्षा में किसी राजनीति अथवा व्यक्तित्व का प्रभाव नहीं पड़ने दिया जाना चाहिए शिक्षा का मामला सर्वसाधारण जनता का मामला ही समझा जाना चाहिए । मुख्यतः सभी का ध्यान शिक्षा के गिर रहे स्तर को ऊंचा उठाने की ओर जाना चाहिये ।

शिक्षा आयोग की सिफारिशें स्वीकार नहीं की गयीं आखिर इसका क्या कारण है ? मंत्रालय को आयोग की सिफारिशों के प्रति आदर प्रदर्शित करना चाहिये । एक अन्य महत्वपूर्ण बात की ओर भी मैं सदन का ध्यान आकृष्ट करवाना चाहता हूं वह यह कि केरल में नये कालेज जातियों के आधार पर बांटे गये हैं जैसे नायर ईसाई, मुसलमान आदि । देश के बहुत से भागों में स्कूल और कालेज चलाना नियमित व्यापार है । नौकरी पेशा लोगों के लिए शाम के कालेज शुरू करने चाहियें और विश्वविद्यालयों में पत्र-व्यवहार के पाठ्यक्रमों को विस्तृत करना चाहिये । इससे उन लोगों को अपनी शिक्षा जारी रखने का अवसर मिल जायेगा जिन्हें आर्थिक हालात की वजह से नौकरी करनी पड़ती है । शिक्षा मंत्री महोदय को इस बात की भी पड़ताल करनी चाहिए कि बम्बई में कपड़ा मिलों में काम करने वाले जो लाखों मजदूर हैं उनके बच्चों की शिक्षा का मामला किस स्थिति में है क्योंकि हम यह तो नहीं चाहते कि शिक्षा केवल कुछ लोगों को ही दी जाय । हमें तो शिक्षा को जन साधारण तक ले जाना है । यह बहुत ही महत्वपूर्ण मामला है ।

इसके अतिरिक्त मैं भारत सर्वेक्षण में काम कर रहे कर्मचारियों के बारे में कुछ निवेदन करना चाहता हूं । उनके बारे में गत वर्ष भी कुछ चर्चा हुई थी । मेरा निवेदन है कि इन कर्मचारियों को दूसरे वेतन आयोग की सिफारिशों के काम नहीं दिये गये । मंत्री महोदय को उनके मामले की जांच करनी चाहिये । इसी प्रकार दिल्ली के स्कूलों में जो कर्मचरारी पढ़ाते नहीं उन्हें वह विशेष भत्ता नहीं दिया जाता जो अन्य विभागों में क्लर्कों को दिया जाता है । अन्त में मेरा यही कहना है कि यदि शिक्षा मंत्री सभी शिक्षा-नीतियों का समुचित समन्वय करने में सफल हो गये तो यह देश की महान् सेवा होगी ।

Shri Sidheshwar Prasad (Na'anda) : I support the demands for grants of the Ministry of Education. But I want to draw the attention of the Government towards this fact that they had not be hable to formulate some national policy in connection with education Generally it is stated Education is a state subject. This may true but centre has also certain responsibility towards it. It is for the first time that we find some change in the policy of Government towards this. In the annual report of 1963-64 the responsibility towards the the growth of the Indian Languages have been recognized. I welcome this change in the Policy of the Government and thank the Minister of Education for this.

It is this lack of some national policy that we lagged behind the other countries in the field of scientific and technical education. Even now adequate provision has not been made by Finance Mninster for education. I may like to draw the attention of the Central Government that even the State Governments are also reducing their percentage of allotment to education in the respective budget. In this state of affairs how the Government would be able to discharge their responsibility to educate the people and spread the education which has been enjoined upon them under the coonstitution. I think our Government cannot do anything effective in this connection until and unless the subject of education is not included in the concurrent list, if not under the union list, according to the recommendations of the Radha Krishnan Commission. I do not think the state Governments will object to it in view of the present situation. We are facing serious educational problems.

The another thing towards which I would like to draw the attention of the Government is the section 351. Central Government. had been entrusted through their Education Department the responsibility of spreading the work of Hindi. I may also state that Gandhjs wanted English to be completely eliminated.

I would also like to say a few words regarding the University Grants Comission. I think the work of the Commission should be reorganized so as to include under its jurisdiction not only affairs of the Universities and Higher Secondary education, but also technical, medical and agricultural education. For this work, it is very necessary to increase the number of Permanent members of the Commission and they should be given more funds for this purpose. I also hope Government. must be considering the proposal of forming the commission for Highr Secondary education also.

have not been able to understand the reasons why the Government have not been able to form a Model Constitution for the universities. Students National Loan Scheme has benefited to a very large extent. As for teaching of the foreign languages. I may stress the need of teaching those languages of the countries with whom we have our diplomatic relations. Various universities should teach the languages and culture of different such countries so that we may know something about them. I also like to state that the work of the Sahitya Academy has not been satisfactory. Through the medium of the academy we should try to bring the different languages near each other.

The number of those who fail in their examinations is increasing day by day. Reason for this is that those who are otherwise unfit for higher education go to the universities for higher studies. We should start vocational centres for training in different technical lines. The number of those who know agricultural and veterinary Science, without such personnel, it will not be possible to achieve success in our plans. Our laboratories should be near the universities. Our university students should take advantage of them in doing their research work. We must also regard education as an investment. We must raise the standard of our education also. For that we shall have to raise the standrad of teachers. The disparity in the teachers salary should also be removed until and unless we satisfy our teachers, it is not possible to have progress in the work of national reconstruction.

श्री मुथिया (तिरुनेल वेली) : शिक्षा द्वारा ही मनुष्य की सुप्त प्रवृत्तियां जागृत होती हैं। इसके द्वारा किसी भी व्यक्ति में जो अच्छाई होती है वह बाहर आ जाती है। राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था में शिक्षा का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था पर भी उसका काफी प्रभाव रहता है। हमारे संविधान के अनुसार शिक्षा राज्यों का विषय है, परन्तु इस

दिशा में केन्द्र को भी कुछ जिम्मेदारियां हैं। देश भर में जो बड़े बड़े विश्वविद्यालय हैं तथा राष्ट्रीय महत्व की संस्थायें हैं उनकी देखभाल का काम केन्द्र को ही करना होता है। हमारे संविधान में अनुच्छेद ४५, ४६ और ३५१ के अन्तर्गत जो राज्य नीति के सिद्धान्तों सम्बन्धि निदेश हैं उनको कार्यान्वित करने का दायित्व भी केन्द्रीय सरकार पर आता है।

प्रारम्भिक शिक्षा में काफी प्रगति हुई है और इस दशा में ७५ प्रतिशत का जो लक्ष्य रखा गया था वास्तव में उससे बहुत अधिक कार्य हो चुका है। यह ठीक है कि सभी राज्यों में एक सी प्रगति नहीं हुई। केन्द्रीय सरकार ने १९६३ में प्रारम्भिक स्कूलों के अध्यापकों को सहायता देने के लिए दो करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकार किया है। इससे प्रारम्भिक स्कूलों के अध्यापकों के जीवन निर्वाह की हालत काफी सुधरी है। मिडिल स्कूलों का भी विस्तार हो रहा है। तीसरी योजना के अन्तर्गत २८ प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया था। परन्तु १९६३-६४ में यह ३२ प्रतिशत हो जायेगा। सात राज्यों ने यह निश्चय कर लिया है कि वह अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा देंगे। दूसरे राज्य अभी संकोच कर रहे हैं परन्तु अन्त में वह इसी रास्ते पर आ जायेंगे। महिला शिक्षा की भी सभी स्तरों पर प्रगति हुई है।

मद्रास में त्रिपक्षीय लाभ योजना बहुत अच्छी योजना है और वह अध्यापकों के लिए काफी लाभदायक है। उसका अनुसरण दूसरे राज्यों द्वारा भी किया जाना चाहिये। पात्र विद्यार्थियों के बारे में जो दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियोंवश असफल रह जाते हैं, उनके श्रेणी में काम को ध्यान में रखा जाय और साथ ही अन्तिम परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त नम्बरों को भी। राज्यों के शिक्षा मंत्रियों तथा उपकुलपतियों के सम्मेलन में नवम्बर, १९६३ में पारित संकल्प को यथाशीघ्र कार्यान्वित किया जाय। विश्वविद्यालयों में शाम के कालेजों और पत्र-व्यवहार पाठ्यक्रमों की बहुत अधिक आवश्यकता है। देश में शिक्षा सम्बन्धी बढ़ रही आवश्यकताओं के विचार से ८९ करोड़ रुपये के अनुदान बहुत अपर्याप्त हैं।

विद्यार्थियों को पृथकत्व की भावना से रहित आधार पर नैतिक तथा धार्मिक शिक्षा दी जानी चाहिये ताकि राष्ट्रीय आचरण ऊंचा हो और भ्रष्टाचार समाप्त हो। देश की पुरानी संस्कृति को रक्षित रखा जाय तथा उस विषय में अनुसन्धान किया जाय। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नमूने के अनुसार माध्यमिक शिक्षा के सम्बन्ध में एक केन्द्रीय आयोग की स्थापना की जाय। सरकार हिन्दी को देश भर में लोकप्रिय बनाने लिये एक कार्यक्रम पर चले। अध्यापक-शिष्य सम्बन्धों को सुधारने के लिये पग उठाए जायें। सभी कालेजों में अध्यापक के वेतन-क्रम अच्छे बनाए जायें, और अखिल भारतीय शिक्षा सेवा की स्थापना की जाय। सरकार मद्रास राज्य में प्रस्तावित मदुराई विश्वविद्यालय की स्थापना का कार्य शीघ्र किए जाने को सुनिश्चित करे।

Dr. Mahadeva Prasad (Maharajganj) : Our educational system has not undergone any changes after independence. If its aim is to enable a student to get a degree, in that aim also it has failed. The pass percentages have been going down every year. In "Secondary Education", a book published by the Ministry of Education, it is stated that the main cause for low pass percentages is poor knowledge of English. It is very unfortunate that emphasis should continue to be given to the English. language. If it has been correctly reported in the press, our Education Minister has said in Madras that Hindi should not be imposed on South Indians and Bengalis. He is also going to stress this point in the Education Ministers' Conference to be held shortly that English should be taught from the third standard. This is the impression that we get

2677(Ai- DSL—6.

from the Report of the Education Ministry. If such is the attitude of the Government then it is very difficult to bring about integration in the country. We cannot bring north and south closer to each other if Hindi is put in the rear guard.

Because English is the medium of instruction for all the higher education of the country, it puts great burden on the students. Thinking in a foreign language is far too great a strain on them. It crushes their individuality and power of independent thought.

Our present educational system is aimless. It should have a close relation ship with our social objectives. There is under employment in our country.

Two classes have come into being. One is the rich class and the other is labour class. The aim of our education should be to eliminate these classes. Its aim should be to reduce economic disparities. Our country cannot make rapid acdvancement unless there is correlation between education and the socialist pattern of society. There are nursery schools for the children of the rich people and tattered schools for the poor children. Unless labour-oriented reorganisation of our educational system takes place. we cannot bring about socialism in our country.

The aim of education should be not only to raise the standard of living but to raise the values of life also. We should have a comprehensive policy in regard to education. Primary schools should be made the centre of social acivity in the villages.

Shri Kashi Ram Gupta (Alwar) : The Members of the Treasury Benches should be asked to learn Hindi if they are to fulfil the requirement of the Constitution. The Education Minister should impress this thing upon them. The hon. Minister said in Madras that Hindi should not be imposed on anybody. I do not understand whey the word 'imposed' is used in regard to Hindi. As provided in the Constitution Hindi is to take the pride of place in our country and English also would continue as an associate language. No doubt, now Hindi speaking people should be given ample opportunity to earn Hindi to catch up with Hindi-speaking population of the country. We should put a stop to the talk of imposition of Hindi once for all.

The working of the teachers' training colleges wherever they have been set up should be made more vigorous.

{श्री खाडिलकर पीठासीन हुए}
{SHRI KHADILKAR *in the Chair*}

Indiscipline among college students is on the increase day by day. It is the duty of the Education Ministry to make a proper enquiry into such cases of indiscipline and take suitable action to check growing indiscipline among students.

So far as primary education is concerned, we have not made adequate arrangements in this regard. There is not enough accommodation in the schools and there are no play grounds also. Teachers are ill-paid. Immediate attention should be paid to this matter. Text-books should be supplied in time. The poorer sections of society continue to be neglected as before. Government should ensure that the Scheduled Castes and Scheduled Tribes children are given scholarships in time so that they can pursue their studies further.

The object of our education should be to raise the moral standards of the people. The children should, therefore, be given moral education. Government should attach topmost importance to this subject.

We would like to know how far and in what manner the Central Institute of English in Hyderabad is fulfilling the objective for which it has been set up.

A uniform system of high school or higher secondary education should be introduced in all the States.

Hindi should be made the medium of instruction along with other regional languages. We should adopt Hindi without delay so that we can make rapid advancement in the field of higher education. More stress should be laid on the teaching of moral values rather than increase the number of the educated people numerically.

The Higher Secondary School teachers posted in villages should be provided with residential accommodation.

Political considerations should not come in the way of opening new schools. Opening of schools should not be made a basis for asking for votes or for donations. Such acts amount to corrupt practices and should be recognised as such.

In view of the present unsatisfactory State of our primary education, it is not advisable to hand it over to village panchayat Samitis. Government should give a serious thought to this matter. The primary teachers should not be left at the mercy of panchayat sarpanches.

डा० च० भा० सिंह (बिलासपुर) : देश में प्राथमिक शिक्षा की ओर सर्वप्रथम ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। २,००० और इससे भी अधिक जनसंख्या वाले गांवों में प्राथमिक स्कूलों की व्यवस्था नहीं की गई है। हम राष्ट्रीय आय का केवल २.८ प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करते हैं। यह राशि पर्याप्त नहीं है। अब समय आ गया है कि शिक्षा मंत्री को प्राथमिक शिक्षा पर अधिक जोर देना चाहिये। प्राथमिक शिक्षा राज्यों का विषय है अतः शिक्षा को बिना विलम्ब समवर्ती विषय बनाया जाना चाहिये। प्रत्येक गांव में प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था केन्द्र द्वारा की जानी चाहिये। मिडिल उच्चतर माध्यमिक तथा विश्वविद्यालय, अर्थात् प्रत्येक स्तर पर शिक्षा के स्तर गिर गये हैं। प्रत्येक मैट्रिक पास छात्र को विश्वविद्यालयों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होनी चाहिये। केवल चुने हुए छात्रों को कालेजों तथा विश्वविद्यालयों में प्रवेश मिलना चाहिये। सरकार को पुराने तरीकों को त्याग देना चाहिये और इस बारे में शीघ्र निर्णय करना चाहिये। निर्णय न करने से देश में शिक्षा के हित को हानि पहुंच रही है।

तकनीकी शिक्षा की पर्याप्त सुविधायें देश में उपलब्ध नहीं हैं। उदाहरण के तौर पर डाक्टरी कालिज पर्याप्त संख्या में नहीं हैं जिससे देश में डाक्टरों की बड़ी कमी है। कृषि शिक्षा तथा अन्य पाठ्यक्रमों के बारे में भी यही स्थिति है। अतः हमें बिना विलम्ब शिक्षा पर अधिक राशि व्यय करनी चाहिये ताकि तकनीकी शिक्षा की ओर अधिक ध्यान दिया जा सके।

मुझे प्रसन्नता है कि शिक्षा मंत्री ने लगभग ८० समितियां समाप्त कर दी हैं। ऐसी समितियों को समाप्त किया हो जाना चाहिये क्योंकि वे कोई लाभप्रद कार्य नहीं करती हैं।

शिक्षा मंत्रालय को चिकित्सा छात्रों के लिये सस्ती पाठ्य पुस्तकें तैयार करने का काम हाथ में लेना चाहिये। चिकित्सा पाठ्य पुस्तकें बहुत महंगी हैं जिसके परिणामस्वरूप चिकित्सा छात्र उन्हें खरीदने में असमर्थ हैं। इस महत्वपूर्ण विषय की ओर मंत्री महोदय को ध्यान देना चाहिये और चिकित्सा छात्रों को सस्ती पुस्तकें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कोई कार्यवाही की जानी चाहिये।

प्राथमिक स्कूलों में नैतिक शिक्षा दी जानी चाहिये। हर लड़के तथा लड़की को जीवन के मूल्यों का पता होना चाहिये। प्रत्येक गांव में एक गांधी कुटी होनी चाहिये जहां बच्चों को धार्मिक शिक्षा दी जा सके। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि प्रत्येक स्कूल में धार्मिक शिक्षा की व्यवस्था हो।

गवेषणा कार्य करने वालों की एक विशेष पदाली होनी चाहिये। जिन व्यक्तियों में यह कार्य करने की योग्यता हो, उन्हें ही यह कार्य करना चाहिये। वे ऐसे व्यक्ति होने चाहियें जिन्होंने स्कूल तथा कालेज परीक्षाओं में ८० प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हों। गवेषणा कर्ताओं को विशष सुविधायें दी जानी चाहियें। तभी देश में वास्तविक गवेषणा कार्य किया जा सकता है।

Shri Y. S. Chaudhary (Mahendragarh) : Mr. Chairman, sir, several members have spoken on these demands and all of them without exceptions have subscribed to this opinion that not even one per cent success has been achieved in the field of education. I wonder whether the situation would repeat itself next year too or whether the new Education Minister would be able to remove the bottleneck and promote the cause of education. The statement so imphatically made from various plat forms that education has remained stagnant for the last sixteen or seventeen years is a sort of ordeal for the new Education Minister from which he should come out successfully.

I share the opinion of my previous speaker in saying that monthly concrete has been done in this field except making few experiments such as substituting high school system with higher secondary one and introducing basic education which was so much backed upon. But how far we have progressed in this direction would become evident from the remarks made by a senior teacher of Jamia Milia, a basic centre, of great prominence, that the word basic would become a thing of history after five years with no connection with these schools whatsover.

About other things the utmost they have done is to set up this or that committee which, no doubt, is a good device for side trading the main issue. Nothing concrete has been accomplished by these committees except having tours of this or that place and enjoying the parties as I know from my own experience at Benaras Hindu University.

It is the responsibility of the Education Minister to give effect to the feelings of the House. The old system of education introduced by Macaulay which was designed only for the purpose of preparing Office Clerks should be radically changed. It is necessary to inculcate discipline in the students. The question of changing curriculum and examination system should be thoroughly studied. For taking these radical steps it is necessary that the Education Minister is such that he is able to ward off the effect of age-old thinking of educational officers. We hope that the new Minister will not allow himself to fall a prey to their way of thinking.

उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

Much has been done in the direction of promoting the technical education. But it is regrettable that the art side has been completely neglected.

Our education system is such that even graduates remain ignorant as far as general knowledge is concerned. To cite an example, Shri Sachchachidanand Riranand Uortsayan, a prominent write of India, during histour of Europe was introduced to the writers of one of the European countries by our cultural attache posted there, as the author of *Kamasutras*, a book written over a thousand of years ago.

In the report of Education Ministry only a few lines have been included by way of giving information about the Archaeological Department which is an important department dealing with the cultural heritage of India. The amount being allotted for this department has also been reduced.

I would like to make one more suggestion in this regard one of the tasks with which this department is busy is to conduct excavations with a view to finding out remains which may reveal the characteristics of the history of Rigveda era.

My suggestion is that excavations should be carried on in the place around Sarsa village situated on Indo Pak border. The clues found so far indicate that the village might be Saraswat Nagar described in Rigveda".

श्री अ० ना० विद्यालंकार (होशियारपुर) : श्रीमान्, मैं नए शिक्षा मंत्री और उप शिक्षा मंत्री का स्वागत करता हूं। श्री मसानी ने पाठ्य पुस्तकों का उल्लेख करते हुए, कुछ राज्यों द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के सम्बन्ध में जिन में पंजाब भी सम्मिलित है, कहा है कि इन राज्यों द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में कई गम्भीर अशुद्धियां हैं। पंजाब के सम्बन्ध में मैं कह सकता हूं कि उन्होंने इन पुस्तकों को ध्यान पूर्वक नहीं देखा। वास्तविक बात यह है कि छात्रों की बुद्धि परीक्षा के लिये पुस्तकों के अन्त में कुछ अभ्यास दिए होते हैं जिनमें अशुद्ध बातें लिखी होती हैं जैसे लुधियाना एक बड़ा बन्दरगाह है। किन्तु अब ऐसी बातें नहीं होतीं। यह सच है कि कुछ मुद्रण सम्बन्धी अशुद्धियां हो जाती हैं ; किन्तु ये अशुद्धियां निजी संस्थाओं द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में भी होती हैं। जहां तक पुस्तकों के जाली प्रकाशन का सम्बन्ध है, उनकी स्वयं की पुस्तक 'अवर इंडिया' का जाली प्रकाशन हुआ था।

मेरा अपना अनुभव है कि पाठ्य पुस्तकों के प्रकाशन के क्षेत्र में सरकार काफी सफल रही है।

शिक्षा क्षेत्र में सरकार ने जो सफलतायें प्राप्त की हैं उनका उल्लेख प्रतिवेदन में किया गया है। मैं उन लोगों से सहमत नहीं हूं जिनका यह मत है कि इस क्षेत्र में कोई प्रगति नहीं हुई। उदाहरणार्थ वर्षों से यह आवाज उठाई जा रही है कि शिक्षा का स्तर गिर रहा है। मैं इससे सहमत नहीं हूं। यह बात अवश्य है कि शिक्षा के सम्बन्ध में प्रगति आशानुकूल नहीं हुई है। और स्वतन्त्रता के बाद हमने पिछली शिक्षा पद्धति में कोई संशोधन नहीं किया है। हमारी शिक्षा प्रणाली निर्जीव और यांत्रिक है यह हमें अच्छे नागरिक नहीं दे पाई। इसका कारण क्या है ?

दुष्यन्त ने शकुन्तला की हूबहू तस्वीर बनाई, किन्तु उसे संतोष नहीं मिला उसे प्रेरणा नहीं मिली। क्योंकि उसने पृष्ठ भूमि नहीं बनाई थी। यही स्थिति शिक्षा की है। सब कुछ है किन्तु भारतीय पृष्ठ भूमि नहीं है। मैंने एक सैनिक स्कूल में जाकर देखा कि यदि कोई बच्चा अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में बोलता है तो उसे सजा दी जाती है। हमारी शिक्षा पद्धति में प्रजातन्त्रीय भावना नहीं है। यदि अध्यापक का कहना नहीं माना जाता तो स्कूल से बाहर कर दिया जाता है।

बुनियादी शिक्षा को इसी ध्येय से चालू किया गया था। किन्तु हम उस दिशा में प्रगति नहीं कर पाये दो वर्ष पहले माननीय उपराष्ट्रपति ने जो बुनियादी शिक्षा के प्रतिष्ठित लेखक हैं कहा था कि आज-कल की दुनिया में शिक्षा नकली है। इन दो वर्षों में भी हमने इसकी प्रगति के लिये कुछ नहीं किया।

जहां तक इतिहास का प्रश्न है अब भी वही इतिहास पढ़ाया जाता है जो अंग्रेजों ने तैयार करवाया था और जिस का ध्येय ही देश में फूट डालना था। उसी इतिहास की शिक्षा के कारण लोगों में राष्ट्रीय भावना का, एकत्व की भावना का अभाव है। राष्ट्रीय एकता समिति ने भी कहा था कि इतिहास को पुनः लिखा जाये। किन्तु इस संबंध में अभी तक कुछ नहीं किया गया।

मैं हिन्दी को लादे जाने के विरुद्ध हूं किन्तु साथ ही मैं इस बात के भी विरुद्ध हूं कि अंग्रेजी को लाया जाये। अंग्रेजी ने शिक्षितों और अशिक्षितों के बीच एक दीवार खड़ी कर दी है। हम सामान्य जनता से दूर होते जा रहे हैं। वह सच है कि हिन्दी ही राष्ट्र भाषा हो सकती है, किन्तु अभी ऐसी हिन्दी का निर्माण किया जाता है और यह भाषा समस्त भारतीय भाषाओं के मेल से बनाई जानी चाहिये। मेरा विचार है कि समस्त भारतीय भाषाओं की शिक्षा दी जानी चाहिये।

कहा जाता है कि वैज्ञानिक विषय हिन्दी के माध्यम से नहीं पढ़ाए जा सकते। यह तर्क युक्तिपूर्ण नहीं है। अफगानिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों में उनकी अपनी भाषाओं में सारे विषयों की शिक्षा दी जाती है।

१९५१ में वैज्ञानिक अनुसंधान एक पृथक मंत्रालय था। १९५७ में इसे शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलाया गया किन्तु १९५८ में इसे फिर से पृथक कर दिया गया। अब इसे फिर शिक्षा मंत्रालय में मिला दिया गया है। मेरा सुझाव है कि चूंकि विज्ञान एक महत्वपूर्ण विषय है अतः मंत्रालय का नाम इस प्रकार रखा जाय कि विज्ञान शब्द का महत्व प्रकट हो सके।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्यों को स्थायी किया जाये। वैज्ञानिक अनुसंधान के सम्बन्ध में अधिक अनुदान दिये जायें। अनुदानों की जो राशि, व्यय न किए जाने के कारण व्यपगत हो गई है उसे फिर से मंजूर किया जाये।

अध्यापकों की प्रतिष्ठा को अधिक उन्नत किया जाये।

श्री जोकीम आल्वा (कनारा) : श्रीमान्, खेल कूद के क्षेत्र में हमारी स्थिति पहले की अपेक्षा गिरती जा रही है। आशा है नए मंत्री महोदय इस क्षेत्र में उन्नति किए जाने के सम्बन्ध में प्रयत्न करेंगे।

कुल १५३ पृष्ठों के प्रतिवेदन में खेलकूद के लिये कुल ८ पृष्ठ रखे गये हैं। यहां कई प्रकार के खेल, क्रिकेट, हाकी, टेनिस, फुटबाल, तैरना, घुड़सवारी, पर्वतारोहण, कुश्ती, योग आदि हैं और उन सब की उपेक्षा की गई है। खेल-कूद के क्षेत्र में भी दल बन्दी का बोलबाला है। खेल-कूद केवल राजाओं महाराजाओं और धनी वर्ग के लिये ही नहीं है। जब तक धनी निर्धन सभी को समान अवसर नहीं दिया जायेगा। इस क्षेत्र में उन्नति नहीं होगी।

क्रिकेट में हमारी स्थिति शोचनीय है। ४० करोड़ की जनसंख्या में से हमें ऐसे १३ खिलाड़ी नहीं मिल पाते जो आवश्यकता पड़ने पर अपनी हड्डियां तुड़वाने के लिये भी तैयार रहें। केवल कम उम्र के लड़के इस के लिये उत्सुक दिखाई देते हैं। इस क्षेत्र में हमें अच्छे गेंदबाज उपलब्ध नहीं हो पाते। मैं चाहता हूं कि खेलकूद के क्षेत्र से बड़े बड़े कैप्टेन और नेता हट जायें और यह कार्य सरकार को सौप दें। अब समय आ गया है कि इस दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाए जायें।

इंग्लैंड के समाचारपत्र क्रिकेट को लेकर हमारी हंसी उड़ाते हैं। हमारे यहां की जनसंख्या काफी बड़ी है। किन्तु खेल-कूद के क्षेत्र का नेतृत्व किसी विशेष गुट के हाथ में है और वह दूसरों को इस क्षेत्र में नहीं आने देता। क्रिकेट मैच और क्रिकेट उत्सवों की प्रवेश शुल्क इतनी ऊंची होती है कि गरीब वर्ग के बच्चे वहां नहीं जा सकते। क्या उन्हें इन कार्य कलापों में भाग लेने का अधिकार नहीं है? सरकार को इस बात के लिये प्रयत्न करना चाहिये कि वे लोग निःशुल्क इन उत्सवों में भाग ले सकें।

रूस टेनिस का चेम्पियन होने जा रहा है। आस्ट्रेलिया में बचपन से ही बच्चों को टेनिस सिखाया जाता है। किन्तु हमारे यहां प्रतिभावान बच्चों को टेनिस खेलने की सुविधा की व्यवस्था नहीं की जाती। क्रिकेट मैचों से जो आय होती है उसे बच्चों को खेल की व्यवस्था करने के लिये व्यय किया जाता है। योग की शिक्षा के सम्बन्ध में भी ध्यान दिया जाना चाहिये। हॉकी के सम्बन्ध में भी अब हमारी स्थिति कमजोर है। हम पाकिस्तान से हॉकी में हार गए हैं। युवकों को हॉकी का प्रशिक्षण देने की उचित व्यवस्था नहीं है।

१९४८ में मैं दो अन्य साथियों के साथ चेकोस्लोवाकिया के खेल-कूद उत्सव में सम्मिलित हुआ था। वहां की जनसंख्या के अनुपात को देखते इतने व्यक्तियों ने खेलों में भाग लिया था जितना दुनिया के किसी और भाग में देखने को नहीं मिलता। वहां की आबादी १ करोड़ है जब कि खेल में भाग लेने वालों की संख्या १ लाख थी। मुझे आशा है कि माननीय मंत्री जिन्हें सार्वजनिक जीवन का अत्यधिक अनुभव प्राप्त है इस क्षेत्र में नये जीवन का संचार करेंगे।

फुटबाल की भी यही स्थिति है। खिलाड़ियों को उचित प्रकार के जूते भी उपलब्ध नहीं हो पाते। वहां की लड़कियां भी हॉकी की खिलाड़ी हैं और दुनिया के अन्य देशों में मैच आदि के लिये जा सकती हैं। किन्तु न तो पैसा ही है और न अनुदान ही मिलता है। खेल परिषद् भी कुछ नहीं कर रही। सरकार को चाहिये कि इस कार्य को हाथ में ले ले। वह युवकों के हित में होगा।

बीकानेर के महाराजा दुनियां का दौरा कर रहे हैं और शूटिंग के सम्बन्ध में अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी १२ वर्षीय पुत्री भी शूटिंग की चैम्पियन हो गई है। हमें भारतीय बच्चों के लिये अनुदान और विदेश मुद्रा की सुविधायें देनी चाहियें। वे प्रतिभावान हैं। यदि एक भी भारतीय हाथ में स्वदेश का झंडा लेकर विदेश के किसी खेल के मैदान में उतरता है तो यह देश के लिये गौरव की बात है।

हमें हिच-हाइकिंग के खेल की उन्नति के लिये भी प्रयत्न करना चाहिये।

पर्वतारोहण का प्रशिक्षण देना और देश में अच्छे पर्वतारोही तैयार करना सीमान्त की रक्षा की दृष्टि से अत्यन्त आवश्यक है।

गोल्फ और पोलो अमीरों के खेल हैं। उनके लिये वे लोग ही धन की व्यवस्था करेंगे किन्तु अन्य खेलों के लिये आवश्यक धन जुटाने के लिये सरकार को प्रयत्न करना चाहियें।

स्विमिंग पूल और घुड़-सवारी की सुविधायें स्कूलों में सभी विद्यार्थियों के लिये शुल्क-रहित उपलब्ध होनी चाहिये।

श्री ए० एफ० एस० तलयारखां और महाराजकुमार विजय आनन्द जैसे व्यक्तियों की सेवाओं का लाभ उठाना चाहिये जो खेल-कूद के मामले में काफी दिलचस्पी रखते हैं। राष्ट्रीय स्टेडियमों के

लिये जो राशि नियत की गयी है वह बहुत अपर्याप्त है। मैं चाहता हूं कि यह सभा एक समिति के तौर पर खेल-कूद एवं नृत्य आदि के हितों की ओर ध्यान दे ।

श्रीमती ज्योत्सना चन्दा (कछार) : मैं शिक्षा मंत्रालय सम्बन्धी अनुदानों की मांगों का समर्थन करती हूं ।

यह एक उत्साहवर्धक बात है कि तीसरी योजना के प्रथम तीन वर्षों में निर्धारित लक्ष्यों से भी बढ़ कर काम हुआ। परन्तु शिक्षा मंत्रालय के प्रतिवेदन से जाहिर है कि विकास सभी क्षेत्रों में समान रूप से नहीं हुआ। मैं जानना चाहती हूं कि मद्रास, गुजरात और पंजाब के अतिरिक्त अन्य राज्यों में लक्ष्य प्राप्त न हो सकने के क्या कारण हैं ।

पश्चिम बंगाल में प्राईमरी शिक्षकों के वेतन बढ़ा दिए गये हैं। उड़ीसा और आसाम में मंहगाई भत्ते में जो असमानता थी वह दूर कर दी गई है। मैं आशा करती हूं कि प्राईमरी शिक्षकों को अति-आयु लाभ तीसरी योजना की अवधि में ही दे दिये जायेंगे ।

विद्यार्थियों को खाना उपलब्ध करने सम्बन्धी योजना को आसाम में कार्यरूप नहीं दिया जा सका। इसलिये मेरा अनुरोध है कि आसाम को वित्तीय सहायता दी जाय तो यह योजना वहां क्रियान्वित की जा सके ।

शिक्षा में सुधार लाने के लिये यह अनिवार्य है कि श्रेणियों में विद्यार्थियों की भीड़ कम हो और एक श्रेणी के लिये एक निश्चित संख्या विद्यार्थियों की निर्धारित की जाय। ऐसा भी नहीं होना चाहिये कि ५९ विद्यार्थियों की तो एक श्रेणी हो परन्तु यदि ६० विद्यार्थी हो तो उन के लिये दो श्रेणियां बना दी जायें। शिक्षकों की नियुक्ति गुणों के आधार पर होनी चाहिये और उन के वेतन बढ़ने चाहियें। अन्यथा शिक्षा में सुधार की आशा नहीं की जा सकती ।

प्रतिवेदन के अनुसार स्त्रियों की शिक्षा सम्बन्धी स्थिति उत्साहवर्धक नहीं है। राष्ट्रीय स्त्री शिक्षा परिषद् की सिफारिशों को कार्य रूप दिया जाना चाहिये ।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा दी जाने वाली छात्र वृत्तियों की संख्या बढ़ा दी गयी है, जिस से आर्थिक दृष्टि से दुर्बलतर लोगों को शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। परन्तु आसाम राज्य में पिछड़े वर्गों के बच्चों को यह छात्रवृत्तियां ठीक समय पर नहीं दी जाती जिसके कारण वह किताबें आदि नहीं खरीद सकते। इस लिये मेरा अनुरोध है कि उस प्रयोजनार्थ राज्य सरकारों की हिदायतें जारी की जायें ।

केन्द्रीय सरकार तो संस्कृत की शिक्षा की ओर उपयुक्त ध्यान देती है। परन्तु यह खेद का विषय है कि आसाम में संस्कृत स्कूलों के अध्यक्षों और उपाध्यक्षों को वेतन तुलनात्मक दृष्टि से बहुत कम मिलते हैं। अत : राज्य सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहिये ।

अपाहज बच्चों और वयस्कों को शिक्षा तो दी जाती है परन्तु उन के पुनर्वास की ओर भी ध्यान दिया जाना चाहिये ।

पूर्वी पाकिस्तान से जो विद्यार्थी आसाम आ रहे हैं उन से प्रवजन -पत्र की मांग किये बगैर ही, परीक्षा लेकर, उन्हें स्कूलों और कालेजों में दाखिला मिल जाना चाहिये ।

पूर्वी पाकिस्तान से आने वाली निराश्रित लड़कियों और स्त्रियों को शिक्षा सम्बन्धी सभी सुविधायें उपलब्ध की जानी चाहियें ।

सिलचर में एक प्रादेशिक इंजीनियरिंग कालेज स्थापित किया जाना चाहिये जो कि मनीपुर, त्रिपुरा, मिजो पहाड़ी जिला, कछार आदि की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। माननीय मंत्री अपने पूर्वाधिकारी के समान इस के लिये वचन बद्ध हैं।

लोगों के आचरण को ऊंचा उठाने के लिये यह आवश्यक है कि स्कूलों में नैतिक, धार्मिक तथा भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं सम्बन्धी शिक्षा दी जाय।

अध्यक्ष महोदय : आप अपना भाषण कल जारी रखें। अब सभा स्थगित होती है।

इसके पश्चात् लोक-सभा गुरुवार, १२ मार्च, १९६४ / फाल्गुन, २२ १८८५ (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हो गई।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, the 12th March, 1964/Phalguna 22, 1885 (Saka).